mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-08 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

सतना
08 जनवरी 2025 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



जसप्रीत बुमराह को...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### तिब्बत में भूकंप के बाद चीन ने उठाया बड़ा कदम

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने मंगलवार को तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में आये 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद माउंट एवरेस्ट के अपने हिस्से के दर्शनीय क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया। माउंट एवरेस्ट को माउंट क्यूमोलंगमा के नाम से भी जाना जाता है। डिंगरी दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का आधार शिविर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के बाद कर्मचारी और पर्यटक सुरक्षित हैं।



भूकंप मंगलवार को बीजिंग के समयानुसार सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर आया था। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, भूकंप में 95 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हुए हैं। डिंगरी संस्कृति और पर्यटन ब्यूरो के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि दर्शनीय क्षेत्र में होटल की इमारतें और आसपास के इलाके शामिल हैं। शिन्हुआ के अनुसार, चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। चीन-नेपाल सीमा पर स्थित, माउंट एवरेस्ट 8,840 मीटर से अधिक ऊंचाई पर है, जिसका उत्तरी भाग तिब्बत में स्थित है। इसे चीन जिजांग कहता है। मौसम के पूर्वानुमान से पता चला कि डिंगरी का तापमान शून्य से 18 डिग्री सेल्सियस नीचे से लेकर शून्य तक था। शिन्हुआ ने बताया कि माउंट एवरेस्ट के चीनी हिस्से में 2024 में 13,764 विदेशी पर्यटक आए, जो 2023 में दर्ज की गई संख्या से दोगुने से भी अधिक हैं।

### पाकिस्तान में 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास है दोहरी नागरिकता



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में नेशनल असेंबली की एक समिति को सूचित किया गया कि देश के 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है। दोहरी नागरिकता से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नेशनल असेंबली पाकिस्तानी संसद का निचला सदन है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, राजा खुर्रम नवाज की अध्यक्षता में आंतरिक मामलों से संबंधित नेशनल असेंबली की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने इस चलन पर चिंता जताई और खासकर नौकरशाहों, न्यायाधीशों और सांसदों के लिए इस चलन को प्रतिबंधित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। बैठक में प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके तहत उन देशों के नागरिकों को पाकिस्तानी पासपोर्ट दिया जाएगा, जिनके साथ पाकिस्तान के दोहरी नागरिकता समझौते हैं। बैठक के दौरान, यह पता चला कि करीब 22,000 नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है। समिति के सदस्य अब्दुल कादिर पटेल ने आश्चर्य जताया कि नेशनल असेंबली के सदस्यों और न्यायाधीशों के लिए दोहरी नागरिकता प्रतिबंधित है, जबकि नौकरशाहों के लिए ऐसी रोक नहीं है।

## एनिवर्सरी के दिन पति-पत्नी ने किया सुसाइड, वीडियो बना लगाया स्टेटस



**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के मार्टिन नगर में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। आत्महत्या करने से पहले पति-पत्नी ने वीडियो बनाया और परिजनों से नहीं रोने की अपील की। वीडियो बनाने के बाद दंपत्ति ने उसे अपने मोबाइल फोन पर स्टेटस लगाया। इसके साथ ही सुसाइड नोट लिखा और शादी की 26वीं सालगिरह के दिन आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी ने आत्महत्या से पहले शादी का जोड़ा पहना और फिर सुसाइड किया। मरने से पहले उन दोनों ने वही कपड़ा पहना जो शादी के दिन पहना हुआ था। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा- मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने सुसाइड नोट में लिखा है कि अपनी तकलीफ की वजह से वे लोग आत्महत्या कर रहे हैं। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं रहेगा। रिश्तेदारों ने बताया कि शादी के 26 साल हो गए थे, लेकिन उन्हें कोई बच्चा नहीं था। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। रिश्तेदारों ने बताया कि कोई बच्चा नहीं होने से दोनों काफी दुखी थे। पति के पास चार साल से कोई नौकरी नहीं थी। पति पहले कहीं शेफ का काम करता था। पत्नी हाउसवाइफ थी। इनकम का कुछ सोर्स नहीं था। जरिपटका पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक अरुण क्षीरसागर ने बताया कि 54 वर्षीय मृतक जारील डसमोन ऑस्कर मोंनक्रीप और 45 वर्षीय उनकी पत्नी एनी जारील मोंनक्रीप घर में मरे हुए पाए गए। सुबह पुलिस को पड़ोसियों ने फोन करके इसकी सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज दोनों की शादी की सालगिरह थी। दोनों ने शादी के दिन पहने हुए कपड़ों को पहना फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मानसिक रोगी थे या नहीं, इस संबंध में कुछ सामने नहीं आया है।

**अगले 3-4 दिनों के दौरान गंगा के मैदानी इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे का अलर्ट**

## सर्द हवाओं से ठिठुर रही दिल्ली और यूपी, 16 राज्यों में घना कोहरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूरे उत्तर भारत ठंड और शीत लहर की चपेट में है. जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद डल झील पूरी तरह जम चुकी है. गुलमर्ग में एवलांच आया है. जिसके बाद हाईवे बंद हैं. दिल्ली में सर्द हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. सुबह और रात घना कोहरा छाया रहता है. इससे विजिबिलिटी कम हो गई है, जिसका असर ट्रेनों और फ्लाइट ऑपरेशन पर पड़ा है. मौसम विभाग के मुताबिक, कुल 16 राज्यों में अगले 3-4 दिन उत्तर भारत में घने से बहुत घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जताया है. जबकि दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में बारिश के आसार हैं. उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले 3-4 दिनों के दौरान गंगा के मैदानी इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और पूर्वी पछुआ हवाओं के साथ इसके संपर्क के कारण 10 से 12 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना बन रही है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहरी जारी रहेगी. उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में ग्राउंड फ्रॉस्ट की स्थिति बन रही है. इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा. इससे विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रह सकती है. बंगाल, बिहार और झारखंड में ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।



एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं का संपर्क 10-12 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है. इसके प्रभाव से, इसी अवधि के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी और उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक, 8 जनवरी को उत्तर भारत के राज्यों में कोहरा छाया रहेगा, जबकि दक्षिण भारत के हिस्सों में बारिश के आसार हैं. ढ्ढ्ढ की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 7 दिन अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर के कुछ हिस्सों, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## शादी के बाद पत्नी को छोड़कर हुआ फरार, 700 किमी दूर जाकर बीवी ने खोजा

**बलिया (एजेंसी)।** जिले के बांसडीह से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला अचानक बैंक में पहुंची और बिलख-बिलख कर रोने लगी। आस-पास के लोगों ने जब पता किया तो ये मालूम हुआ कि उसका पति इसी बैंक का मैनेजर है। दोनों ने साल 2023 में यूपी के अलीगढ़ जिले में शादी की थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद उसका पति उसे छोड़कर खुद बलिया आ गया। इसके बाद किसी तरह से वह अपने पति को ढूंढते-ढूंढते यहां तक आई है। हालांकि इसके बावजूद महिला जिसे अपना पति बता रही है, उसने महिला को बैंक में ही छोड़ दिया और खुद वहां से चला गया। दरअसल, बैंक पहुंच कर अपनी पीड़ा बताने वाली महिला ने अपना नाम अंजली बताया है। पीड़ित महिला अंजली ने रोते बिलखते अपनी प्रेम कहानी बताई। उसने बताया कि लगभग 15 वर्ष पहले उसका पति अलीगढ़ के एक बैंक में कार्यरत था। अंजली के मोबाईल नम्बर के जरिए प्रदीप ने उस समय पहले बात की और फिर अपने प्रेम जाल में फंसाया।



## दिल्ली में बनेगा पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का मेमोरियल

**बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर आभार जताया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का मेमोरियल दिल्ली में बनेगा। राष्ट्रीय समिति कॉम्प्लेक्स में प्रणब मुखर्जी का मेमोरियल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने जगह को मंजूरी दे दी है। प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इसके लिए आभार जताया है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि हम लोगों ने इसकी कोई मांग भी नहीं की थी।

**मनमोहन सिंह को लेकर कांग्रेस पर साधा था निशाना:** बता दें कि कुछ दिनों पहले शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने पूछा था, आज तो इतना हंगामा हो रहा है लेकिन मेरे बाबा के लिए कुछ नहीं किया, जबकि वे जीवनभर कांग्रेस के साथ रहे। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद शर्मिष्ठा मुखर्जी ने एक्स पर लिखा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनकी और उनकी सरकार का तहे दिल से शुक्रिया किए उन्होंने मेरे बाबा (प्रणब मुखर्जी) के लिए स्मारक बनाने का फैसला लिया है। यह इसलिए भी खास है क्योंकि न तो हमारी तरफ से और न ही किसी और ने बाबा का मेमोरियल बनाने के लिये सरकार से कोई मांग की थी। प्रधानमंत्री के इस



दयालु भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने आगे लिखा है, बाबा कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कभी कहना नहीं चाहिए बल्कि उसे खुद से मिलना चाहिए। मैं बहुत आभारी हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा की याद में ऐसा किया। इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अब कहां हैं, प्रशंसा या आलोचना से परे हैं। लेकिन उनकी बेटी यानी मेरे लिए यह इतना बड़ा काम है, जिसकी खुशी मैं अपने शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

## आतिशी को पीडब्यूडी ने दिया जवाब

**'दिल्ली सीएम के सरकारी आवास से मेरा सामान बाहर निकाल फेंका गया'**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तेज कर दिए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली चुनाव की घोषणा हुई। उससे पिछली रात को केंद्र सरकार ने मेरा सरकारी घर, ष्टरू आवास से निकल बाहर फेंक दिया। एक चुनी हुई सरकार के ष्टरू का घर छीन लिया। 3 महीना पहले भी मेरे साथ यही किया था। मेरा सामान घर से बाहर फेंक दिया है।



**पीडब्यूडी विभाग का सामने आया बयान:** वहीं, पीडब्यूडी विभाग के मुताबिक ष्टरू आतिशी ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड का फिजिकली पोजेशन नहीं लिया। बार-बार रिमांडर देने बाद भी आतिशी घर में शिफ्ट नहीं हुई। आतिशी के कहने पर घर में बदलाव भी किये गए, लेकिन वो घर मे शिफ्ट नहीं हुई। इसके बाद घर का अलॉटमेंट कैंसिल किया गया। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से बीजेपी की जो प्रणाली हमने देखी उससे लगता है कि बीजेपी को दिल्ली वालों की कोई चिंता नहीं है। सालभर बीजेपी का एक ही एजेंडा रहा कि की आप के नेताओं के ऊपर मुकदमा कैसे किया जाय। कैसे जेल भेज दिया जाय। जेल में दवाई रोक दी जाय। बीजेपी ने आज देश के 75 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा काम किया जो कभी नहीं किया गया। एक महिला सीएम को उनके आधिकारिक घर से निकाल दिया।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में जिसने काम किया है उसे वोट दो और जिसने काम रोके हैं उनको वोट नहीं दीजिए। दिल्ली पुलिस ने अभी तक बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी पर कोई कार्रवाई नहीं की है। अब क्या चुनाव आयोग उन पर कार्रवाई करेगा। अगर रमेश बिधूड़ी पर एफआईआर दर्ज हो जाती है तो मैं मान सकता हूं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस अब -10 डिग्री में भरेगी रफ्तार

**बर्फबारी का भी नहीं होगा असर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत एक्सप्रेस देश की लग्जरी पंसदीदा ट्रेनों में से एक बनती जा रही है। यह ट्रेन अभी देश के कई हिस्सों में रफ्तार भर रही है, लेकिन पहाड़ों से अब तक अछूता थी। इसे देखते हुए अब रेलवे ने खास फैसला लिया है, जिससे जल्द ही वंदे भारत ट्रेन पहली बार पहाड़ों में रफ्तार भरती नजर आएगी। बता दें कि पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण ट्रेन सुविधा काफी कम उपलब्ध रहती है, लेकिन रेलवे अब पहाड़ों पर वन्दे भारत एक्सप्रेस को दौड़ाने की तैयारी में है।

**10 डिग्री सेल्सियस में नहीं होगी परेशानी:** रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी से विजन मेक इन इंडिया के तर्ज पर बन कर तैयार हुई है खास वंदे भारत इस तरह से तैयार किया गया है जिसके जरिए बर्फबारी और माइनस 10 डिग्री सेल्शियस में भी



परिचालन में कोई परेशानी नहीं आएगी। सालों के लंबे इंतजार के बाद उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्ठ्ठक्रु) प्रोजेक्ट की शुरुआत जल्द होने जा रही है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत के साथ कश्मीर घाटी के विभिन्न क्षेत्रों तक रेलवे की आरामदायक सुविधा पहुंचाई जा सकेगी।

रेलवे के अधिकारी के मुताबिक, उधमपुर-बारामूला प्रोजेक्ट पहली बार साल 1898 में शुरू किया जाना था लेकिन उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए पहाड़ी इलाके पर ट्रैक बिछाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और ऐसा संभव नहीं हो पाया।

**क्या खास अलग है इस ट्रेन में? :** नॉर्थन रेलवे के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर अमरेंद्र कुमार चंद्रा ने वंदे भारत की इस खास फीचर वाली ट्रेन के बारे में बताया कि ट्रेन के परिचालन के वक्त विंडशील्ड पर बर्फ ना जमे उसके लिए यहां व्यवस्था की गई है। आगे कहा ट्रेन के विंडशील्ड स्वतः हीटेड है, इससे इस पर बर्फ नहीं जमेंगे। यहां माइक्रो एलिमेंट चिपकाए गए हैं जो हमेशा विंडशील्ड को गर्म रखेंगे। वाइपर से भी गर्म पानी आएगा जिससे जमी हुई बर्फ को अच्छे से साफ किया जा सकेगा। इसके अलावा, ट्रैक को साफ करने के लिए आइस कटर का इस्तेमाल किया जाता है, जिसका इस्तेमाल पहले से किया जाता है। ट्रैक से बर्फ हटाने का फीचर ट्रेनों में नहीं होता। वहीं, वॉशरूम में भी तापमान को नियंत्रित करने की सुविधा है जिससे एक तय तापमान बना रहे, जिससे न ज्यादा गर्माहट हो और ना ठंडक। इस ट्रेन में एयर ड्राईर ब्रेक भी लगाया गया है जिससे कम तापमान में और बर्फ में ब्रेक में मॉइस्चर नहीं होगा। वाशरूम में गर्म पानी के लिए इंडक्शन लगा कर तैयार किया गया है।

## प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल में भर्ती

**पटना (एजेंसी)।** बीपीएससी परीक्षा को लेकर चल रहा बवाल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर को गांधी मैदान से गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत दे दी गई। वहीं कल ही फतुहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका मेडिकल भी कराया गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद प्रशांत किशोर को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वह अभी भी अनशन जारी रखे हुए हैं। इस बीच जन सुराज के एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट की गई है, जिसमें लिखा है- मामला तो गांधी मैदान में ही निपटाया जाएगा। प्रशांत किशोर का आमरण अनशन अभी भी जारी है। डॉक्टरों ने बताया है कि 6 दिन से अनशन के कारण प्रशांत किशो का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पूरे दिन जांच के बाद शाम को मेडिकल रिपोर्ट जारी की जाएगी। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार में शिक्षा व्यवस्था की खराब स्थिति के मद्देनजर 2 जनवरी से लगातार आमरण अनशन पर हैं। आज अब अनशन का छठवां दिन है। देर रात उनकी तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# रिटायरमेंट के बाद 4-5 महीने हिमालय पर 'एकांतवास' में बिताऊंगा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि वह अगले महीने अपनी रिटायरमेंट के बाद मन की शांति के लिए कुछ महीने हिमालय में एकांतवास

**● मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा**

में बिताएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम घोषणा के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने अपनी रिटायरमेंट के बाद की योजनाओं को साझा किया। कुमार ने कहा कि वह अगले 4-5 महीने मन की शांति के लिए, सुदूर हिमालय में जाएंगे, सभी चकाचौंध से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा, ÷मुझे कुछ एकांत और स्वाध्याय की जरूरत है।''

**18 फरवरी को रिटायर होंगे राजीव कुमार:** राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर होने वाले हैं। बिहार/झारखंड कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार ने वंचित तबकों के बच्चों को पढ़ाने की व्यक्तिगत आकांक्षा का भी उल्लेख किया। कुमार ने कहा कि उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई नगर निकाय द्वारा संचालित स्कूल में की, जहां कक्षाएं एक पेड़ के नीचे संचालित की जाती थीं। उन्होंने कहा, ''मैंने छठी कक्षा में 'एबीसीडी' सीखना शुरू किया था। हम एक स्लेट लेकर एक पेड़ के नीचे पढ़ने के लिए बैठ जाते थे। मैं उन जड़ों तक वापस जाना चाहता हूं और ऐसे बच्चों को पढ़ाना चाहता हूं।''

**बड़े- बड़े ओहदों पर किया काम:** चुनाव आयोग का कार्यभार संभालने से पहले राजीव कुमार अप्रैल 2020 से अगस्त 2020 तक पब्लिक इंटरप्राइसेस सेलेक्शन बोर्ड के अध्यक्ष रहे थे। इससे पहले वे फरवरी 2020 में केंद्रीय वित्त सचिव के पद से रिटायर हुए थे। जुलाई 2019 से फरवरी 2020 तक वे भारत के वित्त सचिव, सितंबर 2017 से जुलाई 2019 तक सचिव, वित्तीय सेवाओं जैसे पदों पर रहे। वहीं मार्च 2015 से जून 2017 तक स्थापना अधिकारी भी रहे।

**बहुत ही सुंदर बगिया है इसे सजाते रहें:** अपने शायराना अंदाज के लिए मशहूर कुमार ने बतौर सीईसी अपनी आखिरी प्रेस वार्ता में भी अपने इस अंदाज का परिचय दिया। उन्होंने आयोग पर लगने वाले आरोपों के जवाब में कहा, ''आरोप और इल्ज़ामात का दौर चले कोई गिला नहीं, झूठ के गुब्बारों को बुलंदी मिले, कोई शिकवा नहीं, हर परिणाम में प्रमाण देते हैं पर वो बिना सबूत शक की नई दुनिया रौनक करते हैं।'' मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है। उन्होंने इसके बाद कहा, ÷सभी वोटर्स और खासकर युवाओं से मेरी अपील है कि लोकतंत्र में इसी तरह से अपनी भागीदारी बढ़ाते रहें और बहुत ही सुंदर बगिया है इसको अपने गोद से ऐसे ही सजाते रहें।

# दिव्यांग बच्चे हवाई जहाज से करेंगे जबलपुर से इंदौर की यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर के मार्गदर्शन और आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण डॉ. आर.आर. भोंसले के निर्देशानुसार दिव्यांग बच्चों को हवाई जहाज द्वारा इंदौर शहर का भ्रमण कराया जायेगा। इस दौरान बच्चे इंदौर के राजवाड़ा, 56 दुकान का पकवान एवं चिड़ियाघर का भ्रमण करेंगे और खजराना गणेश मंदिर में दर्शन करेंगे। हवाई यात्रा में आने-जाने के दौरान इन बच्चों का ध्यान रखने के लिये 2 शिक्षक, 2 अभिभावक और 2 जे.जे.सी. सदस्य साथ में रहेंगे। न्यायिक एकेडमी जबलपुर में आयोजित दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिये आयोजित संवाद'' कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक एवं किशोर न्यायालय सचिव की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों ने फ्लाइट द्वारा यात्रा की मंशा जाहिर की थी। उनकी इस इच्छा को पूर्ण करने के लिये सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को हवाई यात्रा करायी जा रही है।

# 4 दिवसीय मध्यप्रदेश महोत्सव बैंगलुरु में 9 जनवरी से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति और पर्यटन स्थलों की झलक अब कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में देखने को मिलेगी। आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलूरू मुख्य आश्रम में 9 से 12 जनवरी तक होने वाले प्रदेश महोत्सव में मध्य प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटक स्थलों की जानकारी दी जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य दुनियाभर से आने वाले आर्ट ऑफ लिविंग के अतिथियों को राज्य की परंपराओं, कला, संगीत, और खूबसूरत पर्यटन स्थलों से परिचित कराना है। महोत्सव में मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों की जानकारी देने के लिए खास सत्र आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव में प्रदेश की लोककला, पारंपरिक व्यंजन, संगीत, नृत्य प्रस्तुतियां एवं संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। निवेश के लिये अवसरों पर भी चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम न केवल मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहित करने में भी मददगार होगा। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से यह भव्य आयोजन होगा। पर्यटकों को राज्य की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों से जोड़ने के लिए कार्यक्रम के दौरान उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर, खजुराहो के मंदिर समूह, ओरछा का इतिहास, पचमढ़ी की पहाड़ियां और सांची के स्तूप जैसे धरोहरों के बारे में आगंतुकों को 360 डिग्री वर्चुअल अनुभव भी कराया जायेगा। मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# अवैध हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण विक्रय परिवहन एवं उपयोग को नियंत्रित करने उच्च स्तरीय समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य शासन ने अवैध हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं उसके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में अपर मुख्य सचिव गृह को सदस्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग और श्री विनय मिश्रा बैलेस्टिक विशेषज्ञ (वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी) को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। समिति 10 सप्ताह में कार्ययोजना तैयार कर प्रभारी अधिकारी के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# उच्च शिक्षा संस्थानों मे नामांकन बढ़ाया जाए

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उच्च शिक्षा संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात यानि 12वीं पास विद्यार्थियों को आगे उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए कलेक्टर के माध्यम से विशेष प्रयास किये जाएंगे। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में संबंधित विभागों को कार्ययोजना बनाकर सकल नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए 14वें सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की गई। सर्वेक्षण 27 नवम्बर 2024 को प्रारंभ हुआ था और 15 जनवरी 2025 तक चलेगा। सकल नामांकन अनुपात की गणना 18 से 23 साल आयु वर्ग के लिए 12वीं परीक्षा परिणाम के बाद उत्तीर्ण विद्यार्थी के उच्च शिक्षा में नामांकन के आधार पर की जाती है। इस सर्वे में उच्च शिक्षा के अलावा चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, विधि, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा, कृषि शिक्षा सहित प्रदेश में स्थित केंद्रीय, निजी, डीम्ड, मुक्त विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय महत्व के उच्च शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने वर्ष 2022-23 के सर्वे में मध्यप्रदेश के 28.3 सकल नामांकन अनुपात में और बढ़ोत्तरी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स के माध्यम से 12वीं पास सभी विद्यार्थियों की जानकारी संकलित की जाए और जिनका उच्च शिक्षा में नामांकन नहीं हुआ है उनका नामांकन करवाया जाए। आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े ने बताया कि इस माह और अप्रैल में दो चरणों का कॉलेज चलो अभियान चलाया जाएगा। श्री राजन ने सभी विभागों से कहा कि वे सर्वे की प्रविष्टियां 15 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

# देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत है बहुरंगी कलाएं : राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत बहुरंगी कलाएं है। यह हमारे अंदर की कोमल भावनाओं को जगा कर हमें मनुष्यता का पाठ पढ़ाती है। कलाएं हमारी परम्पराओं, विरासतों, रीति-रिवाजों, संस्कारों, धर्म, समाज, भाषा आदि की विशिष्टताओं को सहेजती और संरक्षित रखती हैं।

राज्यपाल श्री पटेल क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान परिसर श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर देशभर के विजेता छात्र-छात्राओं को कला की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किये और राष्ट्रीय कला उत्सव की विभिन्न विधाओं के निर्णायकों को भी सम्मानित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से 3-6 जनवरी, 2025 तक किया गया। कला उत्सव में भारत के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 सौ प्रतिभागी शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय कला



उत्सव के आयोजन के लिए एन.सी.ई.आर.टी. को साधुवाद भी दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला उत्सव, देश की कला-संस्कृति की विरासत को शिक्षा के क्षेत्र में संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का प्रभावी प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों की प्रतिभा, कौशल को निखार कर उनका समग्र विकास कर 21वीं सदी के वैश्विक नेताओं के रूप में तैयार करने का प्रकल्प है। यह देश के बच्चों की असीम क्षमता को महसूस करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से आगामी 12 जनवरी को आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील भी की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भावी पीढ़ी, अपनी संस्कृति के जिस स्वरूप को देखती है उसी के अनुरूप अपने जीवन के नये मूल्यों का निर्माण करती है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा के द्वारा, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से जोड़े और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के गौरवशाली दृष्टिकोण से परिचित और प्रेरित कराएं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला के लिए जीवन में विशेष जगह रखें क्योंकि कला हमें जोड़ती है, प्रेरित करती है और एक समुदाय के रूप में मजबूत बनाती है। इसलिए प्रयास करें कि राष्ट्रीय कला उत्सव का यह आयोजन, कला के विभिन्न रूपों के प्रदर्शन का केवल मंच नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जागरूक बनाने और संरक्षण के लिए जन मानस को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बने।

राज्यपाल श्री पटेल का कार्यक्रम में शॉल और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान का वीडियों संदेश प्रसारित किया गया। केन्द्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने कला के परिचय, प्रकार और उपयोगिता पर अपने विचार रखे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास हो रहा है- मंत्री काश्यप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में संभागीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं। मंत्री श्री काश्यप इंदौर में लघु उद्योग भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मंत्री श्री कश्यप द्वारा मालवा प्रांत के 15 जिलों से आए उद्यमियों के साथ संवाद किया एवं विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने उद्यमियों के विभिन्न विषयों का समाधान भी किया गया। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि लघु उद्योग भारती उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। हमें विश्वास है कि सरकार और संस्था



मिलकर आगे और भी अच्छे कार्य करेंगे। अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद, उपाध्यक्ष श्री ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी सहित बड़ी संख्या में उद्यमी और मालवा के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक उद्यमी उपस्थिति रहे।

# दिसंबर तक रेल रैक से 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश परिवहन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने आज नये वर्ष में विद्युत गृह से निकलने वाली फ्लाई ऐश का 100 वां रेल रैक रवाना कर महत्वपूर्ण उपलब्धि? हासिल की। यह मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की फ्लाई ऐश के सदुपयोग, रि-साईकिल व निबटारा करने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक 102 फीसदी तक फ्लाई ऐश का सदुपयोग किया जा चुका है। बिरसिंगपुर से निकलने वाली फ्लाई ऐश का सदुपयोग सीमेंट व ईंट बनाने और सड़?क निर्माण में किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का फ्लाई ऐश सदुपयोग 56 फीसदी था। फ्लाई ऐश का सदुपयोग, रि-साइकिल व निबटारे के लिए विभिन्न प्रयास किए गए। परिवहन लागत करने की दृष्टि? से सीमेंट कंपनियों तक रेल से ऐश का परिवहन भी शामिल था। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में पूरी रेल रैक को खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान न होने के बावजूद विद्युत गृह के सिविल सेक्शन व फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन एन्ड डिस्पोजल सेक्शन के अथक प्रयास से 19 अगस्त 2023 को रेल से फ्लाई ऐश परिवहन शुरु कर चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया गया। दो वर्षों से कम समय में अथक प्रयास के उल्लेखनीय परिणाम देखने को मिले। वित्तीय वर्ष 2023-24 में फ्लाई ऐश सदुपयोग 84 प्रतिशत तक बढ़ गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) यह 102 प्रतिशत तक पहुंच गया।

# महाविद्यालयों में गुणवत्ता वृद्धि और कक्षाओं में संसाधन के लिए उपलब्ध बजट का उपयोग हो-उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं महाविद्यालयों में गुणवत्ता वृद्धि के लिए आगामी तीन माह की कार्ययोजना बनाकर वास्तविक आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध बजट का उपयोग सुनिश्चित करें। मंत्री श्री परमार सोमवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।



मंत्री श्री परमार ने कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षाएं शासकीय संस्थानों में ही आयोजित की जाएं। उन्होंने परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालयों के समग्र विकास में पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी प्रयास किए जाएं। श्री परमार ने कहा कि समस्त पात्र विद्यार्थियों को विभागीय छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की दिशा में अधिकाधिक प्रयास करें। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट आवंटन, व्यय की स्थिति एवं आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के लिए विभागीय तैयारियों की गहन समीक्षा की। श्री परमार ने महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं मरम्मत आदि कार्यों में आवश्यकतानुरूप उपलब्ध बजट का उपयोग करते हुए महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार के लिए महाविद्यालयों में विभिन्न निर्माण एवं सुधार आदि कार्यों को समयावधि पर पूर्ण करने को कहा।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में बढ़े 4 लाख 97 हजार 404 मतदाता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने सोमवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियां प्रदान की गई। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में कुल 230 विधानसभा क्षेत्र और 65 हजार 014 मतदान केंद्र है।

सीईओ श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 29 अक्टूबर 2024 से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 28 नंवबर 2024 तक चली। दावे आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर 2024 तक किया गया। मतदाता सूची का प्रदेश के सभी जिलों में अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया गया।

प्रदेश में मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के दौरान मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 65 लाख 94 हजार 963 थी। अंतिम प्रकाशन के दौरान प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 70 लाख 92 हजार 367 है। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 7 लाख 98 हजार 469 नाम जोड़े गए और 3 लाख 01 हजार 65 नाम हटाए गए। इसी तरह से 3 लाख 13 हजार 642 मतदाताओं के वोटर आईडी कार्ड में संशोधन किया गया। इस तरह से प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में 4 लाख 97 हजार 404 की बढ़ोत्तरी हुई है।

# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन समारोह भोपाल के रवींद्र भवन में उल्लास, जोश और ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिवसीय इस आयोजन ने %स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की समझ' थीम पर विज्ञान और नवाचार को केंद्र में रखते हुए हजारों छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।

मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि यह आयोजन बाल वैज्ञानिकों के लिए एक अद्भुत मंच है, जहां उनकी कल्पनाशीलता और नवाचार को नई दिशा मिलती है। यह कार्यक्रम भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा यह मंच न केवल विज्ञान को समझने का अवसर देता है, बल्कि बच्चों को अपनी सोच और शोध को एक सही दिशा देने का अवसर भी प्रदान करता है।

एन.सी.एस.टी.सी., डी.एस.टी. की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने विषय %स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की समझ% की प्रशंसा करते हुए कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कार्यक्रम की थीम को समयानुकूल और प्रासंगिक बताते हुए छात्रों को विकसित राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। छात्रों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ये मॉडल नवाचार और रचनात्मकता का प्रमाण हैं। उन्होंने सांस्कृतिक विविधता को एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %युवा शक्ति% के सपने को दोहराते हुए कहा कि आज के युवा वैज्ञानिक हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम हैं।

मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्री श्रीराम तिवारी ने विज्ञान और संस्कृति के बीच संबंध पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा है। उन्होंने विज्ञान और संस्कृति के बीच संतुलन पर जोर देते हुए छात्रों के नवाचार और प्रदर्शित मॉडलों की सराहना की और विज्ञान को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव श्री प्रवीण रामदास ने कहा कि विज्ञान का मुख्य उद्देश्य समाज में बदलाव लाना और समस्याओं का समाधान खोजना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छात्रों को न केवल विज्ञान की बारीकियों को समझने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान खोजने की दिशा में प्रेरित करता है। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के निदेशक डॉ. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि आज के युग में डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग का ज्ञान आवश्यक हो गया है। विज्ञान और तकनीक का सही उपयोग देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बना सकता है। विज्ञान को प्रयोग से अनुप्रयोग में बदलने पर जोर दिया। राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी ने छात्रों को विज्ञान और वेदांत के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में 640 छात्रों ने भागीदारी की, जिसमे 194 प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किये गए।

# युवा शक्ति की सहभागिता से होगा विकसित भारत का निर्माण- खेल मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी युवा शक्ति को प्रोत्साहन देने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज का युवा न केवल राष्ट्र का वर्तमान है, बल्कि कल का नेतृत्वकर्ता भी है। विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे युवा अपनी ऊर्जा, संकल्प और सृजनशीलता को राष्ट्रहित में लगाएंगे। श्री सारंग ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। देश के प्रति समर्पण की भावना और कर्तव्य का बोध ही वह आधार है, जो हमारे युवाओं को अद्वितीय बना सकता है। मंत्री श्री सारंग भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यह उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों से 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 350 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेता 11-12 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।



# दरवाजा खोलते ही गोली मारकर बिछा दी चार लाशें

## साइबर फ्रॉड के पैसों के बंटवारे का था विवाद, एक घंटे चला खूनी खेल

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में 4 जनवरी को हुई चार लोगों की हत्या के केस में चौंकाने वाली कहानी सामने आई है। पहले आरोपियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, दरवाजा खुलते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। एक का गला भी दबाया। चार लाशें गिरा दीं। आरोपी एक दोस्त को मारने के इरादे से आए थे, लेकिन अन्य तीन लपेटे में आ गए।

चारों का शव सैप्टिक टैंक में डाला। वापस आकर खून के छींटे साफ किए। करीब एक घंटे तक यहां खूनी खेल चलता रहा। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक नाबालिग है। वारदात का मास्टरमाइंड राजा रावत है। जांच में सामने आया कि राजा का जोगेंदर महतो से साइबर फ्रॉड के पैसे को लेकर विवाद था।

**4 जनवरी को सैप्टिक टैंक से मिले थे चार शव:** दरअसल, 4 जनवरी को बरगवां थाना इलाके के बड़ोखर गांव में एक मकान के पीछे बने सैप्टिक टैंक से चार लोगों के शव मिले थे। इनकी पहचान सुरेश प्रजापति (39), करण साहू (31), राकेश सिंह (29) और जोगेंदर महतो (37) के रूप में हुई। चारों ही जयंत इलाके के रहने वाले थे। चारों आपस में दोस्त थे। न्यू ईयर की पार्टी मनाने सभी सुरेश के मकान पर आए थे। आरोपियों ने कैसे साजिश रची? क्या दुश्मनी थी? बाकी तीन को क्यों मारा? क्या हुआ था वारदात वाली रात? इन सवालों के जवाब जानने डीआईजी साकेत पांडे से बात की।






उन्होंने पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताई गई वारदात वाली रात और उससे पहले की कहानी बताई।

**साइबर फ्रॉड के पैसों के बंटवारे का विवाद:** डीआईजी साकेत पांडे ने बताया कि मुख्य आरोपी राजा रावत और जोगेंदर महतो आपस में दोस्त थे। चार साल पहले दोनों झारखंड गए थे। यहां साइबर फ्रॉड के गिरोह से जुड़ गए। दोनों ने पैसा भी कमाया। इसी पैसे से जोगेंदर ने कार भी खरीदी थी। बताया जाता है कि एक फ्रॉड में दोनों को 20 लाख रुपए मिले थे। इसमें जयंत ने राजा को साढ़े सात लाख रुपए दिए थे। इसी को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। दो महीने पहले राजा ने जोगेंदर को ठिकाने लगाने की ठान ली। फ्रॉड के पैसे से ही दो पिस्टल भी खरीदीं। वह मौके की फिराक में था। 30 दिसंबर को दोनों साथ ही झारखंड से आए थे।

**राजा ने 2 महीने बनाया था हत्या का प्लान:** 30 दिसंबर को ही सुरेश प्रजापति और जोगेंदर महतो मिले। दोनों ने न्यू ईयर की पार्टी का प्लान बनाया। यह बात राजा को भी बताई। राजा को तो जैसे मौका मिल गया। उसने भी हां कर दी। सुरेश प्रजापति के मकान पर पार्टी तय हो गई। उसने साथी रोहित साकेत को भी साजिश में शामिल कर लिया। इसके अलावा, बुद्धसेन, नीरज साकेत, हरिश्चंद्र साकेत और नाबालिग को हत्या के प्लान के बारे में नहीं बताया, उन्हें सिर्फ यह बताया कि झगड़ा होगा, बुलाएं तो आ जाना। वे भी तैयार हो गए।

**चिकन और शराब पार्टी का इंतजाम भी किया:** डीआईजी ने बताया कि 1 जनवरी को राजा रावत, राकेश सिंह के साथ सुबह बड़ोखर गांव स्थित सुरेश प्रजापति के मकान पर पहुंचे। बाकी करण, सुरेश और जोगेंदर भी पहुंच गए। दिनभर राजा मकान पर रहा। दिन में चिकन पार्टी हुई।

शाम के लिए राजा मटन और शराब लेकर पहुंचा। जोगेंदर ने इसके लिए पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। पहले दिन उसने भरोसा बना लिया। पार्टी का पूरा खर्च जोगेंदर ने ही उठाया था। सभी ने रातभर पार्टी की और सो गए।

दूसरे दिन यानी 2 जनवरी को राजा फिर से बाजार से अंडे और शराब लेकर आया। सुबह फिर सभी ने खाना बनाकर खाया। दोपहर में करण साहू और सुरेश वापस जयंत चले गए। यहां दोनों ने मिलकर करण के बेटे के लिए कुछ खाने का सामान दिलवाया।

इसके बाद शाम करीब 5 बजे दोनों वापस बड़ोखर गांव पहुंचे। शाम करीब 6 बजे जोगेंदर ने राजा को फिर से चिकन लाने के लिए पैसे दिए। राजा वापस बाजार से शराब और चिकन लेकर 8 बजे तक पहुंचा। सभी लोग शराब पार्टी करने और चिकन बनाने में मशगूल हो गए।

रात करीब 9 बजे राजा यह कहकर उठ गया कि मेरा पेट भर गया है। वह बाहर निकल गया। साजिश के तहत रोहित, साकेत समेत अन्य पांच लोगों को कॉल कर बुलाया। साथ ही, घर कॉल करके रोहित से पिस्टल भी मंगवा ली।

**जो दिखा उसे गोली मार दी, बिछा दी चार लाशें:** बड़ी बात ये है कि रोहित को छोड़कर सभी को यह कहकर बुलाया था कि राजा के साथ विवाद हुआ है। रात करीब 9:30 बजे सभी आरोपी बरगवां पहुंच गए। राजा घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर ढाबे पर सभी से मिला। उन्हें प्लान बताया। थोड़ी देर वह सभी वहां रहे। राजा ने रोहित को बता दिया था कि जो भी रास्ते में आए, गोली मार देना।

इसके बाद सभी आरोपी घटनास्थल सुरेश प्रजापति के मकान पर पहुंचे। राजा रावत और उसके पांचों दोस्त घर के पीछे वाले दरवाजे पर पहुंचे। प्लान था कि जोगेंदर सिंह जैसे ही दरवाजा खोलेगा, उसे गोली मार देंगे। इसके बाद भाग जाएंगे। प्लान के तहत राजा ने दरवाजा खटखटाया। जोगेंदर नशे में था, इसलिए सुरेश प्रजापति ने दरवाजा खोला।

रोहित साकेत ने पिस्टल से दो गोलियां सुरेश प्रजापति को मार दीं। एक गोली उसके सिर और दूसरी छाती पर लगी। सुरेश वहीं ढेर हो गया। आवाज सुनकर करण साहू और राकेश सिंह दौड़े। इसके बाद राजा ने करण साहू के सिर में गोली मारी। राकेश सिंह ने राजा को रोकने की कोशिश की। कहा- यह ठीक नहीं किया। बचने के लिए खुद भागने लगा। राजा के सिर पर खून सवार था। उसने राकेश सिंह को भी तीन गोलियां दाग दीं।

इस बीच, आरोपी बुद्धसेन, हरिश्चंद्र, नीरज और नाबालिग ने मिलकर पप्पू उर्फ जोगेंदर को दबोच लिया। पहले उसका गला दबाया, फिर उसके चेहरे और सिर पर नुकीले हथियार से वार किए। जोगेंदर की भी मौत हो गई।

---

शहडोल के पौनांग मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति चोरी

# सोहागपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, भक्तों में आक्रोश



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल के पौनांग मंदिर में अज्ञात चोरों ने भगवान की प्रतिमा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर कृष्ण भगवान की मूर्ति मंदिर से चोरी की है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सोमवार की शाम जब वे पूजा कर दूसरे मंदिर में गए, तभी अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मंदिर से भगवान की मूर्ति चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद भक्तों की काफी भीड़ यहां इकट्ठा हो गई है। मंगलवार को पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडेय ने बताया कि क्षेत्र के सर्किट हाउस के सामने स्थित पौनांग मंदिर में राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित कृष्ण भगवान की प्रतिमा चोरी हुई है। यह प्रतिमा अष्टधातु की थी। मंदिर के पुजारी मोहन पंडा ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 7 बजे वह राधा कृष्ण मंदिर में पूजा कर दूसरे मंदिर में पहुंचे और कुछ देर बाद राधा कृष्ण मंदिर का गेट बंद करने जब पहुंचे, तो वहां से कृष्ण भगवान की मूर्ति गायब थी। इसके बाद मंदिर के पुजारी ने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी। जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में लोग यहां इकट्ठा हो गए और इस घटना की जानकारी सोहागपुर पुलिस को दी गई।

**थाना प्रभारी पहुंचे अपनी टीम के साथ:** घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण भगवान की मूर्ति रखी थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। हम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल कर रहे हैं और जल्द ही भगवान की प्रतिमा बरामद की जाएगी।

---

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अभियान के तहत शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

---

# घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, सुबह 9 बजे तक 10 मीटर से भी कम थी विजिबिलिटी, हाईवे पर भारी वाहनों की रफ्तार थमी

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** मंगलवार की सुबह शहडोल जिले के कई हिस्सों में घने कोहरे ने जन जीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। खासकर ग्रामीण इलाकों में दृश्यता मात्र 10 मीटर रह गई, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहडोल के उत्तर और मध्य भाग में कोहरा सबसे अधिक देखा गया।

मौसम विभाग के अनुसार यह कोहरा अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। विभाग ने बताया कि वातावरण में नमी की अधिकता और तापमान में गिरावट के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। साथ ही, उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं ने कोहरे को और घना बना दिया है। कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों में दुबके रहे।



**सुबह 9 बजे तक 10 मीटर थी विजिबिलिटी:** घने कोहरे के कारण सबसे ज्यादा प्रभाव यातायात पर पड़ा। हाईवे पर गुजरने वाले भारी वाहन रास्ते पर ही खड़े हो गए थे। ग्रामीण इलाकों में दृश्यता 10 मीटर से भी कम रह गई, जिससे लोग दिन में भी वाहनों की लाइट चालू करके यात्रा करने को मजबूर हुए। इसके बावजूद भारी वाहनों को सड़क किनारे रोक दिया गया।

**शीतलहर का भी दिखा तेज असर:** घने कोहरे के साथ शीतलहर ने जन जीवन पर प्रभाव डाला। मंगलवार को जिले में 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शीतलहर चल रही थी। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे ठंड और बढ़ गई।

**स्कूल के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित:** कोहरे और शीतलहर के कारण स्कूली छात्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। सुबह से लगने वाले स्कूलों के वाहन 7:00 बजे से ही बच्चों को लेने के लिए पहुंच गए थे, जिससे आवागमन के दौरान हादसों का खतरा बना रहा। हालांकि, जिला प्रशासन ने स्कूलों का समय सुबह 9 बजे निर्धारित कर दिया था, जिससे कुछ राहत मिली।

---

# डस्ट के नीचे डालकर रेत की चोरी

## शहडोल में रेत चोरी के लिए खनन माफिया ने निकाल नया तरीका, पुलिस ने किया जब्त

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में खैरहा थाना के चौराडीह गांव में खनन माफिया ने रेत छिपाने के लिए ऊपर गिट्टी की डस्ट डाल रखी थी। पहले डस्ट देखकर पुलिस भी धोखा खा गई, लेकिन ड्राइवर की बॉडी लैंग्वेज देखकर शक हुआ। पुलिस ने जब डस्ट हटा कर देखा, तो उसके नीचे रेत मिल गई। घटना मंगलवार की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि लालपुर सरफा नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने चेकिंग लगाकर ट्रैक्टर की जांच की। चौराडीह गांव में कई ट्रैक्टर आते जाते रहे, किसी में ईंट लोड थी, तो किसी में मिट्टी थी। लालपुर की ओर से ट्रैक्टर आता दिखा, जिसमें गिट्टी की डस्ट लोड थी।

डस्ट देख कर पुलिस ने चालक को आगे जाने के लिए कहा। डस्ट के नीचे अवैध रेत लोड थी, जिससे चालक घबरा गया। पुलिस को देखकर वाहन की रफ्तार बढ़ा कर भागने लगा, तभी पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने उस ट्रैक्टर का पीछा कर कुछ दूर ट्रैक्टर को रुकवा लिया। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि जब डस्ट में हाथ लगाया, तो नीचे रेत दिखी जब जाकर यह पता लग पाया कि इसमें अवैध रेत लोड है।

---

# कलेक्टर ने अधिकारियों को सम्मानित किया

## सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में ए ग्रेड लाने पर प्रशस्ति पत्र दिया

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मंगलवार को नवंबर महीने में सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में ए ग्रेड स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

**इन अधिकारियों का किया सम्मान:** कलेक्टर ने योजना सांख्यिकीय अधिकारी डी.के. अहिरवार, जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार, सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक के.के. सोनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते को सम्मानित किया।



इसके अलावा ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता जी.पी. गोस्वामी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल, परियोजना अधिकारी शहरी विकास दिलीप कुमार पांडेय, परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, सहकारिता विभाग की उपायुक्त सुनीता गोठवाल एवं उप संचालक कृषि एन.डी. गुप्ता को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

---

# बदमाशों ने घर में घुसकर की लूट, विरोध करने पर युवक को मारी गोली, ढाई लाख के गहने ओर 20 हजार रुपए ले भागे

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमोरी में सोमवार रात दो नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे की नोंक पर घर में घुसकर लूट की। विरोध करने घर में मौजूद युवक को गोली मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के घर से करीब 2.5 लाख रुपए के घने और 80 हजार नकद लेकर फरार हो गए। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्?ठे हुए। उसे हरदुआ पुलिस चौकी लेकर पहुंचे। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



घायल रूपलाल पटेल (48) पिता बाबूलाल पटेल ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे कट्टा लेकर दो लोग घर में घुसे। लूटपाट करने लगे। घर से करीब ढाई लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात व 80 हजार रुपए नकदी लूट ले गए। ये रुपए बेटे की शादी और धार्मिक कार्यक्रम के लिए रखे थे।

लूट का विरोध करने पर बदमाश ने फायर कर दिया, जो हाथ में लगी। परिवार के लोग घायल को हरदुआ पुलिस चौकी लेकर पहुंचे। यहां से अस्पताल भेज दिया गया। यहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। सिमरिया थाना प्रभारी जगतपाल सिंह ने बताया कि उक्त मामले की जांच की जा रही है। डॉग स्कॉड को बुलवाया गया है।

---

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, सड़क पर बिखरा कोयला, नशे में मिला ड्राइवर

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर में मंगलवार सुबह वेंकट नगर से अनूपपुर मुख्य मार्ग पर तिपान नदी के पुल के पहले मोड़ के पास कोरबा से मोजरबेयर जैतहरी जा रहा कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सड़क पर कोयला बिखर गया। हादसे में चालक और परिचालक बच गए। ग्रामीणों ने बताया तो चालक नशे में था। ट्रेलर पलटने की वजह से यातायात भी प्रभावित हुआ। बता दें कि पुलिस 1 जनवरी से सड़क सुरक्षा अभियान चला रही है। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार वाहन चालकों का परीक्षण किया जा रहा है। इसके बावजूद लापरवाहियां कम होने का नाम नहीं ले रहीं।



**ट्रक के कैबिन में खाना बनाते समय लगी आग:** मंगलवार दोपहर जिला मुख्यालय से सटे हर्री फटक के पास एक ट्रक नो एंट्री में खड़ा हुआ था, तभी अचानक उससे आग की लपटें उठने लगीं। आग लगते ही ड्राइवर तथा क्लीनर मौके से भाग खड़े हुए। आसपास के लोगों ने बताया कि ड्राइवर ट्रक के कैबिन में खाना बना रहा था, तभी आग लग गई। राहगीरों तथा स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

---

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में फरियादियों को बांटे कंबल, बोले- सरकार की मनसा सभी गरीबों की मदद की जाए

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में जनसुनवाई के दौरान आज कलेक्टर ने न सिर्फ लोगों की समस्याएं सुनी बल्कि ठंड के सीजन को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए।

जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि ठंड का सीजन है और ठंड अपने पूरे शबाब पर है। आज जनसुनवाई के दौरान कुछ ऐसे गरीब भी अपनी समस्याएं लेकर के आए हैं, जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े भी नहीं है। ऐसे ही लोगों को आज न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनी गई बल्कि इस कड़कड़ाती ठंड में उन्हें गर्म कंबल भी वितरित किए गए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि सरकार की मनसा भी यही है कि गरीबों को हर तरह से मदद की जाए। आज जनसुनवाई में एक सैकड़ा से ज्यादा लोग अपनी फरियाद लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। जिनमें से एक दर्जन से ज्यादा गरीब लोगों को कंबल वितरित किया गया।



इस दौरान कंबल पाने वाले राम सुहावन ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी की कलेक्टर साहब इतने संवेदनशील होंगे। मुझे इस कंबल की बेहद जरूरत थी, मैं उनका धन्यवाद करता हूं।



सेक्टर नंबर 4 से आई पार्वती देवी ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में मैं आई तो अपनी समस्या लेकर के थी पर कलेक्टर साहब ने मुझे कांपते देख कंबल दिया है। ऐसे अधिकारी बहुत कम देखने को मिलते हैं।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)**

क्रमांक 17/न.पा.नि./राजस्व/2024 रीवा, दिनांक 02/01/2025

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यसायिक योजना गांधी काम्पलेक्स प्रकाश चौराहा रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में निर्मित दुकान क्रमांक यू-2, ब्लाक-ए क्षेत्रफल 204.78 वर्गफिट **श्रीमती शकुन्तला गुप्ता पति स्व. श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता** निवासी वार्ड 9 ग्राम पंचायत मरवाही जिला बिलासपुर (छ.ग.) को 35 माह लाइसेन्स अनुबंध दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 31.01.2027 तक है। जिसका नामान्तरण श्री मनोज कुमार गुप्ता पिता श्री विमल कुमार गुप्ता निवासी घोघर रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 22.11.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक यू-2, ब्लाक-ए क्षेत्रफल 204.78 वर्गफिट के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदिका श्रीमती शकुन्तला गुप्ता पति स्व. श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड 9 ग्राम पंचायत मरवाही जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आवेदन अनुसार दुकान क्रमांक यू-2, ब्लाक-ए क्षेत्रफल 204.78 वर्गफिट का नामांतरण श्री मनोज कुमार गुप्ता पिता श्री विमल कुमार गुप्ता निवासी घोघर रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**

# विचार

## चीन में फैला वायरस एच.एम.पी.वी.' 'अब भारत में फैलने की आशंका'

लगभग 5 वर्ष पूर्व चीन के 'वुहान' शहर से शुरू हुए 'कोरोना वायरस' ने तबाही मचा दी थी जिसके परिणामस्वरूप विश्व भर में 71 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इन दिनों चीन 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (एच.एम.पी.वी.) नामक तेजी से फैल रहे एक नए वायरस के प्रकोप से जूझ रहा है। वहां सर्दियां शुरू होते ही अस्पतालों में निमोनिया के मरीजों की संख्या भी काफी बढ़ गई है तथा बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें भी आ रही हैं। वयस्कों के अलावा बड़ी संख्या में 14 वर्ष तक आयु के बच्चे इससे प्रभावित देखे जा रहे हैं लेकिन सर्वाधिक प्रभावित 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं जिसके कारण चीन में हालात इतनी तेजी से बिगड़ रहे हैं कि वहां की सरकार ने स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा भी कर दी है।

'विश्व स्वास्थ्य संगठन' के अनुसार हालांकि डच वैज्ञानिकों ने इसकी खोज 2001 में ही कर ली थी परंतु 2 दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक इसके इलाज के लिए कोई विशिष्ट 'एंटी वायरल थैरेपी' तथा 'टीका' नहीं बना। इस वायरस के लक्षण सर्दियों में होने वाले अन्य वायरल संक्रमणों के समान हैं। इसके कारण खांसी, बुखार, नाक बंद होना, सांस लेने में तकलीफ से ब्रोंकाइटिस या निमोनिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सामान्य मामलों में यह गले में घरघराहट या खराश का कारण बनता है तथा छोटे बच्चों व बुजुर्गों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार इससे बचने के लिए मास्क लगाने, खूब पानी पीने और पौष्टिक भोजन करने, संक्रमण घटाने के लिए कमरे में वैंटीलेशन करने, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने, घर आने पर साबुन और पानी से कम से कम 20 सैकंड हाथ धोने या अल्कोहल आधारित हैंड सैनेटाइजर का इस्तेमाल करने, बिना धुले हाथों से आंख, नाक या मुंह को छूने से बचने, संक्रमित लोगों से दूरी बनाए रखने की जरूरत है। इसके अलावा छींकते समय अपने हाथ और मुंह को ढंकने, संक्रमित लोगों के साथ खाने के बर्तन सांझा न करने और बीमार होने की स्थिति में घर पर ही रहने की जरूरत है। लोगों से हाथ मिलाने की बजाय नमस्ते करें। छींकते-खांसते समय नाक, मुंह को ढंकना और हाथों को साफ करना भी जरूरी है। खांसने और छींकने से निकलने वाले 'ड्रापलेट्स' (कण) से इस संक्रमण का खतरा हो सकता है। फेफड़ों की बीमारी वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए।

# नीतीश–साफ छुपते भी नहीं और सामने आते भी नहीं

**नया साल शुरू हो गया है 2025 में ऐसी कौन सी सियासी घटनाएं हो सकती हैं जिस पर नजर रहेगी। पहली सियासी घटना तो बिहार से जुड़ी है। नीतीश कुमार या करेंगे? विधानसभा चुनाव किस गठबंधन में रह कर लड़ेंगे? इसकी कयासबाजी तेज है। कभी भाजपा नेता ही संकेत देते हैं कि नया मुयमंत्री चुनावों बाद तय होगा तो कभी खुद ही भाजपा के नेता नीतीश कुमार को वर्तमान और भावी मुयमंत्री घोषित कर देते हैं।**



कभी लालू का बयान आता है कि नीतीश के लिए दरवाजे खुले हैं तो कभी तेजस्वी इस साल बिहार में नई सरकार का ट्वीट कर देते हैं। सोशल मीडिया में तो हल्ला है कि नीतीश अब गए तब गए, लेकिन हैरानी की बात है कि नीतीश कुमार खामोश हैं। उनकी खामोशी बहुतों को बेचैन कर रही है। साफ छुपते भी नहीं और सामने आते भी नहीं का सियासी खेल वह खेल रहे हैं। दूसरी खबर दिल्ली विधानसभा चुनाव की सुर्खियों में रहने वाली है। नतीजा चाहे जो हो,अरविंद केजरीवाल अगर इस बार भी जीते तो अपनी राजनीति का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की दिशा में बढ़ेंगे और 'इंडिया' मोर्चे से कांग्रेस को अलग थलग करने पर जोर देते रहेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव केजरीवाल के लिए इतना आसान नहीं रहने वाला है। तीसरी खबर इस साल भी 'इंडिया' बनाम एन.डी.ए. के बीच तकरार रहने वाली है। संसद से लेकर सड़क तक तल्खी बनी रहेगी इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। बीच-बीच में 'इंडिया' मोर्चे में टूटन आदि की खबरें भी आती रहेंगी लेकिन कुल मिलाकर मोर्चा जिंदा रहेगा जिसकी असली अग्नि परीक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में होगी।

इसके अलावा नरेन्द्र मोदी बनाम राहुल गांधी के बीच की अदावत भी साल भर चर्चा में बनी रहेगी। राहुल गांधी अडानी, जातीय जनगणना, संविधान बचाओ जैसे मुद्दों को उठाते रहेंगे और सत्ता पक्ष नेहरू गांधी परिवार को निशाने पर लेता रहेगा। पांचवां मसला जिस पर नजर रहेगी वह आंबेडकर के कथित अपमान से जुड़ा है। विपक्ष इस मसले को साल भर भुनाने की कोशिश करता रहेगा।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट फरवरी में होगा। पिछले 3 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने कोई बड़ा आर्थिक सुधार नहीं किया है। इस बार माना जा रहा है कि वह कुछ बड़े और कड़े फैसले ले सकते हैं। तीन श्रम कानूनों को क्या इस बार लागू किया जाएगा? क्या कार्पोरेट टैक्स में तबदीली होगी? क्या कृषि कानूनों को बदले हुए स्वरूप में फिर से लागू किया जाएगा? जानकारों का कहना है कि बैसाखियों पर टिकी सरकार के लिए नीतीश-नायडू की सहमति लेना जरूरी होगा। जिस तरह से नायडू के इशारे पर वक्फ बिल संयुक्त समिति को सौंपा गया उससे साफ है कि साथियों को मनाने में मोदी को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

इस साल आर्थिक सुस्ती भी सरकार की परीक्षा लेगी। बहुत कुछ अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रुख पर निर्भर करेगा, खासतौर से उनकी 50 फीसदी तक टैरिफ लगाने की धमकी और वहां अवैध तरीके से रह रहे सवा 7 लाख भारतीयों का क्या होगा? कुल मिलाकर ट्रम्प और मोदी की दोस्ती भी कसौटी पर रह सकती है। दसवीं खबर भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष से जुड़ी हुई है। माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरे होने के बाद फरवरी या मार्च में नया अध्यक्ष मिल सकता है। आंबेडकर विवाद के बाद क्या किसी दलित को ताज पहनाया जा सकता है। महिला वोटरों की बढ़ती ताकत को देखते हुए क्या भाजपा को पहला महिला अध्यक्ष मिल सकता है या फिर कोई युवा चौंकाने वाला नाम सामने आ सकता है।

तर्क दिया जा रहा है कि 'इंडिया' मोर्चे में ममता, तेजस्वी, अखिलेश, राहुल, आदित्य ठाकरे, केजरीवाल, उमर अब्दुल्ला जैसे युवा चेहरे हैं। इनकी काट के लिए भाजपा का नया अध्यक्ष 55 से 60 साल के बीच का कोई हो सकता है। जो होगा वह भागवत की पसंद का होगा या मोदी की या फिर मिली जुली पसंद। देखना दिलचस्प रहेगा। वैसे साल भर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के बीच सियासी मुकाबला भी खबरों का हिस्सा हो सकता है। प्रियंका ने संसद में अपने भाषणों से छाप छोड़ी है। इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन राहुल गांधी ने कभी अभय मुद्रा तो कभी एकलव्य का उदाहरण सामने रखा है। दोनों चर्चा में रहे तो फायदा कांग्रेस को ही होगा। कुछ का कहना है कि इस साल कांग्रेस में प्रियंका का नया मजबूत पावर सैंटर शुरू हो सकता है।

जहां तक अदालतों की बात है तो इस साल राहुल गांधी पर चल रहे केस यूं ही तारीख पे तारीख के बीच चलते रहेंगे या कोई फैसला भी आएगा। उनकी नागरिकता को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट में मामला चल रहा है। वैसे तो प्रियंका गांधी की वायनाड से सांसदी पर भी मामला अदालत में है। लेकिन जानकारों का कहना है कि भाई-बहन को संसद से निकाल बाहर करने का जोखिम मोदी सरकार नहीं लेगी।

अलबत्ता 1991 के उपासना स्थल कानून के बारे में जनवरी में ही मोदी सरकार को अपना रुख सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करना है। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि कानून को मोदी सरकार सही ठहराती है या मीन मेख निकालती है या बीच का रास्ता तलाशने की कोशिश करती है। जाहिर है कि अगर मोदी सरकार ने 1991 के एक्ट को सही बताया तो उग्र हिंदूवादी तत्वों की नाराजगी बढ़ सकती है जो पहले से ही मोहन भागवत के हर मस्जिद में शिवलिंग नहीं तलाशने की नसीहत से नाराज चल रहे हैं।

इस साल वक्फ बिल के साथ साथ 'एक देश-एक चुनाव' बिल भी संसद में पारित होने के लिए रखे जाएंगे। क्या 'एक देश-एक चुनाव' बिल को दो तिहाई मतों से दोनों सदनों में पारित करवाने में मोदी कामयाब होंगे या बिल ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। बात संसद की हो रही है तो क्या 2024 की तरह 2025 में भी दोनों सदन उसी तरह चलेंगे। क्या राज्यसभा सभापति के खिलाफ नए सिरे से अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा या वह लचीला रुख अपनाते नजर आएंगे। वैसे इस साल सितंबर में मोदी 75 के हो जाएंगे। लेकिन 2029 तक तो वे हैं ही। आगे की रणनीति वो खुद ही तय करेंगे, यह पक्का है।–

# देसी गाय के वैज्ञानिक महत्व को समझने की जरूरत

जब से मुसलमान शासक भारत में आए तब से गौवंश की हत्या होनी शुरू हुई। हिन्दू लाख समझाते रहे कि गौमाता सारे संसार की जननी के समान है। उसके शरीर के हर अंश में लोक कल्याण छिपा है और तो और उसका मूत्र और गोबर तक औषधि युक्त है, इसलिए उसकी हत्या नहीं उसका पूजन किया जाना चाहिए। पर कोई असर नहीं पड़ा। आज भी मूर्खतावश बहुत से मुसलमान गौवंश की हत्या करते हैं। अक्सर यह दोनों धर्मों के बीच विवाद का विषय रहता है। अंग्रेज जब भारत में आए तो उन्होंने हिन्दुओं का मजाक उड़ाया। वे अपने सीमित ज्ञान के कारण यह समझने में असमर्थ थे कि हिन्दू गौवंश का इतना सम्मान क्यों करते हैं? आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वालों ने भी हिन्दुओं की इस मान्यता पर ध्यान नहीं दिया। कुछ वर्ष पहले जब यह सूचना आई कि गौमूत्र का औषधि के रूप में अमरीका में पेटेंट हो गया है, तो सारे देश में सनसनी पैदा हो गई। योग और आयुर्वेद की तरह अब पूरी दुनिया जल्दी ही गौमाता के महत्व को स्वीकारने लगेगी। हमेशा की तरह हम अपनी ही धरोहर को विदेशी पैकेज में कई गुना दामों में खरीदने पर मजबूर होंगे। गाय के दूध का वैज्ञानिक महत्व : अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हृदय विशेषज्ञों ने इस बात को जोर देकर कहा है कि हृदय रोगियों के लिए देसी गाय का दूध विशेष रूप से उपयोगी है। देसी गाय के दूध के कण सूक्ष्म और सुपाच्य होते हैं। अत: वह मस्तिष्क की सूक्ष्मतम नाड़ियों में पहुंच कर मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करते हैं। देसी गाय के दूध में कैरोटीन (विटामिन-ए) नाम का पीला पदार्थ रहता है, जो आंख की ज्योति बढ़ाता है। चरक सूत्र स्थान 1/18 के अनुसार, देसी गाय का दूध जीवन शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्यों में सर्वश्रेष्ठ है। देसी गाय के दूध में 8 प्रतिशत प्रोटीन, 8 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 0.7 प्रतिशत मिनरल (100 आई.यू) विटामिन ए और विटामिन बी,सी, डी एवं ई होता है। निघण्टु के अनुसार देसी गाय का दूध रसायन, पथ्य, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकारी, बुद्धिवर्धक, आयुप्रद, पुंसत्वकारक तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) नाशक है।

देसी गाय के घी का वैज्ञानिक महत्व : गोघृत खाने से कोलैस्ट्रोल नहीं बढ़ता। इसके सेवन से हृदय पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता।

रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के शोधानुसार देसी गाय के घी में मनुष्य शरीर में पहुंचे रेडियोधर्मी कणों का प्रभाव नष्ट करने की असीम शक्ति है। गोघृत से यज्ञ करने से आक्सीजन बनती है। देसी गाय के घी को चावल के साथ मिलाकर जलाने से (यज्ञ) ईथीलीन आक्साइड, प्रोपीलीन आक्साइड और फोरमैल्डीहाइड नाम की गैस पैदा होती है। ईथीलीन आक्साइड और फारमैल्डीहाइड जीवाणु रोधक है जिसका उपयोग आप्रेशन थिएटर को कीटाणु रहित करने में आज भी होता है।

गौमूत्र का वैज्ञानिक महत्व : गौमूत्र में ताम्र होता है जो मानव शरीर में स्वर्ण के रूप में परिवर्तित हो जाता है। स्वर्ण सर्व रोग नाशक शक्ति रखता है। स्वर्ण सभी प्रकार का



विषनाशक है। गौमूत्र में ताम्र के अतिरिक्त लोहे, कैल्शियम, फास्फोरस और अन्य प्रकार के क्षार (मिनरल्स), कार्बोनिक एसिड, पोटाश और लैक्टोज नाम के तत्व मिलते हैं। गौमूत्र में 24 प्रकार के लवण होते हैं जिनके कारण गौमूत्र से निर्मित विविध प्रकार की औषधियां कई रोगों के निवारण में उपयोगी हैं। गौमूत्र कीटनाशक होने से वातावरण को शुद्ध करता है और जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। यह त्रिदोष नाशक है, किन्तु पित्त निर्माण करता है। लेकिन काली देसी गाय का मूत्र पित्त नाशक होता है। नवयुवकों के लिए गौमूत्र शीघ्रपतन, धातु का पतलापन, कमजोरी, सुस्ती, आलस्य, सिरदर्द, क्षीण स्मरण शक्ति में बहुत उपयोगी है। पंचगव्य गोघृत गोमय, गोदधि, गोदुग्ध, गौमूत्र से मिलकर बनता है। उसका सेवन मिर्गी, दिमागी कमजोरी, पागलपन, भयंकर पीलिया, बवासीर आदि में बहुत उपयोगी है। कैंसर जैसे दुस्साध्य और उच्च रक्तचाप तथा दमा जैसे रोगों में भी गौमूत्र सेवन अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुआ है। गोबर का वैज्ञानिक महत्व : इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. जी.ई. बीगेड ने गोबर के अनेक प्रयोगों द्वारा सिद्ध किया है कि देसी गाय के ताजे गोबर से टी.बी. तथा मलेरिया के कीटाणु मर जाते हैं। आणविक विकरण से मुक्ति पाने के लिए जापान के लोगों ने गोबर को अपनाया है। गोबर हमारी त्वचा के दाद, खाज, एक्जिमा और घाव आदि के लिए लाभदायक होता है। सिर्फ एक देसी गाय के गोबर से प्रतिवर्ष 45000 लीटर बायोगैस मिलती है। बायोगैस के उपयोग करने से 6 करोड़ 80 लाख टन लकड़ी बच सकती है जो आज जलाई जाती है। जिससे 14 करोड़ वृक्ष कटने से बचेंगे और देश के पर्यावरण का संरक्षण होगा। गोबर की खाद सर्वोत्तम खाद है। जबकि फर्टिलाइजर से पैदा अनाज हमारी प्रतिरोधक क्षमता को लगातार कम करता जा रहा है।ऐसी तमाम जानकारियों का संचय कर उसके व्यापक प्रचार प्रसार में जुटे युवा वैज्ञानिक श्री सत्यनारायण दास बताते हैं कि विदेशी इतिहासकारों और मार्क्सवादी चिंतकों ने वैदिक शास्त्रों में प्रयुक्त संस्कृत का सतही अर्थ निकाल कर हुत भ्रांति फैलाई है।

# कोरबा के हॉस्टल में छात्रा ने दिया बच्ची को जन्म

## टॉयलेट की खिड़की से नवजात को फेंका, हालत नाजुक, परिजन बोले- उन्हें कोई जानकारी नहीं

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल परिसर में एक नवजात बच्ची पड़ी हुई मिली। छात्राओं ने इसकी जानकारी वार्डन को दी। जांच करने पर वार्डन ने एक छात्रा की हालत देख उस पर संदेह जताया कि बच्चा उसका है। हालांकि, संबंधित छात्रा ने इससे सीधे इनकार कर दिया।

वहीं छात्रा के परिजनों का कहना है कि बेटी ने कभी अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं दी। फिलहाल, नवजात को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही के चलते हॉस्टल वार्डन को सस्पेंड कर दिया है।






**टॉयलेट की खिड़की से नवजात को फेंका:** वार्डन जयकुमारी रात्रे ने बताया कि बच्चे की रोने की आवाज आने पर उसने जाकर देखा तो छात्रावास परिसर में नवजात पड़ी हुई थी। जांच के दौरान बात सामने आई कि 11वीं की एक छात्रा ने प्रसव होने के बाद बाथरूम की खिड़की से उसे नीचे फेंक दिया गया था।

अधीक्षिका ने आगे बताया कि घटना के सामने आने के बाद उसने छात्रावास में सभी बच्चों से पूछताछ की। जहां एक छात्रा की तबीयत खराब होना बताया गया। उसे जब पौड़ी उपरोड़ा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जांच के दौरान सामने आया कि प्रसव हुआ है।

**आदिम जाति कल्याण विभाग कर रहा संचालन:** मामला पौड़ी जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर उपरोड़ा विकासखंड स्थित कस्तूरबा गांधी सरकारी गर्ल्स हॉस्टल का है। यहां आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा आवासीय गर्ल्स हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है।

**छात्रा ने किया इनकार, कहा- उसे कोई जानकारी नहीं:** वार्डन ने नवजात के जन्म के बारे में संबंधित छात्रा से पूछताछ की तो उसने इससे इनकार कर दिया। उसने कहा की शिशु किसका है ,उसे नहीं पता। बाद में छात्रा के माता-पिता को बुलाकर पूछताछ की गई तो उनका कहना था कि बेटी ने पहले कभी भी अपने गर्भवती होने के बारे में कोई सूचना नहीं दी थी।

प्रीमेच्योर बच्ची को कोरबा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के विशेष नवजात शिशु वार्ड में भर्ती किया गया है।

**नवजात को केयर यूनिट में रखा गया:** जिला मेडिकल कॉलेज में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश वर्मा ने बताया कि बताया कि नवजात लगभग 7 से 8 महीने की है। ऑक्सीजन की कमी के कारण कुछ समस्याएं हैं, इसलिए उसे केयर यूनिट में रखा गया है।

**बच्ची के पैर पर चोट के निशान:** शिशु के एक पैर पर चोट के निशान है। इसे लेकर डॉक्टर ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ऐसा क्यों हुआ। शिशु को ठंड लग गई थी और उसे हीटर से हीट देकर गर्म किया गया है, फिलहाल अभी बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

**कलेक्टर ने हॉस्टल वार्डन को किया सस्पेंड:** कलेक्टर अजीत वसंत ने मामले में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

वहीं हॉस्टल वार्डन जयकुमारी रात्रे को कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। संबंधित विभाग ने इसकी शिकायत पुलिस से भी की है।

# गुलाब की खेती से महक रहा है एबी अब्राहम का जीवन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज के समय में पारंपरिक खेती की तुलना में बागवानी या फूलों की खेती किसानों के लिए अधिक मुनाफा देने वाली खेती साबित हो रही है। गुलाब की खेती की तरफ किसानों का रुझान बढ़ रहा है, क्योंकि गुलाब की मांग पूरे वर्ष बनी रहती है और त्यौहारों, शादी समारोह व विभिन्न आयोजनों के समय इसकी मांग काफी बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले के विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत लालपुर में रहने वाले एबी अब्राहम ने गुलाब की खेती करके एक मिसाल कायम की है और दूसरे किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। उनकी सफलता की कहानी यह दर्शाती है कि कैसे पारंपरिक खेती से हटकर नए क्षेत्रों में प्रयास करने से आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। आस-पास के इलाके में डच रोज़ की खेती शुरू करने वाले किसानों को भी अच्छा मुनाफा हो रहा है। यह दर्शाता है कि फूलों की खेती एक लाभदायक व्यवसाय हो सकता है, जो किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकता है।

एबी अब्राहम बताते हैं कि वर्तमान समय में किसान को बेमौसम बारिश, तूफान, अतिवृष्टि, सूखा जैसी कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कीटों व बीमारियों से अपनी फसलों की रक्षा करनी पड़ती है। इतनी परेशानियों के बाद भी किसान को अपेक्षाकृत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। उनके द्वारा पूर्व में भी अपनी जमीन पर धान की फसल लगाया जाता था, जिससे उन्हें अधिक आमदनी नहीं होती थी। एबी अब्राहम ने परम्परागत कृषि से अलग आधुनिक खेती कर अपनी आय में वृद्धि करने की सोची। इसी दौरान लाभार्थी को नेशनल हार्टिकल्चर बोर्ड द्वारा डच रोज़ की खेती की जानकारी मिली। डच रोज़ कल्टीवेशन से लंबे समय तके होने वाले लाभ की सोच से उन्होंने इसका खेती करने का निश्चय किया और अपने जमीन पर पाली हॉउस तैयार कर गुलाब की खेती प्रारंभ की। उद्यानिकी विभाग द्वारा उनके हौसले को बढ़ाते हुए समय पर दस्तावेजों की पूर्ति कराई गई और समय समय पर विभाग द्वारा एबी अब्राहम को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। एबी अब्राहम द्वारा फरवरी 2024 में लगभग अपने 1 एकड़ जमीन पर पॉली हाऊस का निर्माण कराकर डच रोज़ की खेती प्रारंभ की है। जहां उन्होंने इसकी 40,000 पौधे का प्लांटेशन किया।

# 5 हितग्राहियों को मृत बताया, पंचायत सचिव ने खाद्य विभाग को रिपोर्ट भेजकर राशन रुकवाया, लापरवाही बरतने पर निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक के एक पंचायत सचिव ने 5 लोगों को मृत बताकर खाद्य नियंत्रक को प्रतिवेदन भेज दिया। जिसके बाद उनका राशन बंद कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित हितग्राहियों ने कलेक्टर अवनीश शरण से शिकायत की, जिस पर मामले की जांच कराई गई।




पता चला कि सचिव ने मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत राशन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती है। लिहाजा, पंचायत सचिव को सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल, ग्राम पंचायत मड़ई में राशनकार्ड हितग्राही फिरतीन बाई पति दरबार और अन्य 4 हितग्राही अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर अवनीश शरण के पास पहुंचे।

उन्होंने बताया कि उनके जीवित रहते हुए पंचायत सचिव ने उन्हें मृत बताकर प्रतिवेदन खाद्य नियंत्रक शाखा भेज दिया है। जिसके चलते इन हितग्राहियों का राशनकार्ड निरस्त कर दिया गया है। उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिए थे।

**आरोप सही मिला, लापरवाही बरतने पर सचिव सस्पेंड:** कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने इस मामले की जांच कराई। तब पता चला कि ग्राम पंचायत भिलाई में पदस्थ पंचायत सचिव विशेषर श्रीवास जिन्हें ग्राम पंचायत मड़ई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। सचिव ने गंभीर लापरवाही बरतते हुए इन हितग्राहियों को मृत बता दिया है। इसके चलते उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। जांच में आरोप सही पाया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के पालन में पंचायत सचिव द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता एवं लापरवाही बरती गई। मस्तूरी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रस्ताव पर कर्तव्यों के पालन में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव विशेषर श्रीवास को पंचायत सेवा नियम 1999 के नियम 4 (1) के तहत निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय जनपद पंचायत मस्तूरी निर्धारित किया गया है। उक्त अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। नवागांव के पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत भिलाई का अतिरिक्त प्रभार एवं ग्राम पंचायत कुकदा के पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत मड़ई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# सूने मकान में सोने-चांदी के जेवरात चोरी

## किसी काम से मुंगेली गया था परिवार, कीमत एक लाख से अधिक



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई के कोहका में सोमवार रात फिर एक सूने मकान में एक लाख से अधिक की चोरी हुई है। घर से एक सोने की चेन, एक जोड़ी कान के टॉप्स, चांदी की पायल, एक चांदी की कटोरी, ग्लास और चम्मच चोरी हुई है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र के स्मृति नगर चौकी इलाके की है।

स्मृति नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आनंदपुरम फेस-2 निवासी अभिनव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि, वो 3 जनवरी को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ मुंगेली किसी काम से गया था। 6 जनवरी को उसके पड़ोसी ने बताया कि उसके घर की खिड़की टूटी हुई है।

इसके बाद भिलाई लौटे और स्मृति नगर चौकी में मामले की शिकायत की। पुलिस जब जांच के लिए मौके पर पहुंची, तो पुलिस ने देखा कि अज्ञात आरोपी ने घर की खिड़की की ग्रिल को तोड़कर अंदर प्रवेश किया है। चोरों ने घर के अंदर से सोने चांदी के जेवरात सहित एक लाख रुपए से अधिक का सामान चोरी किया है।

# मुर्गी पालन और बाड़ी विकास एक साथ-बिहान योजना का अभिनव पहल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए नई दिशा दी है। इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में न केवल आर्थिक स्थिरता लाई है, बल्कि उन्हें अपनी क्षमता पहचानने का अवसर भी दिया है । मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के ग्राम घुटरा की निवासी चांदनी दीदी ने इस योजना का लाभ उठाकर न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ की है, बल्कि अपने गांव की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं। उनकी सफलता की कहानी मुर्गी पालन और बाड़ी विकास के साथ एक अभिनव मॉडल प्रस्तुत करती है।

**स्वसहायता समूह से मिली चांदनी दीदी को नई दिशा:** चांदनी दीदी राधा स्वसहायता समूह से जुड़ीं और बिहान योजना के अंतर्गत उन्हें 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि का उपयोग उन्होंने मिट्टी के घर में 300 चूजों के साथ पोल्ट्री फार्म शुरू करने के लिए किया। यह निर्णय लेना उनके लिए आसान नहीं था। परिवार की सीमित आय और गांव में कम संसाधनों के बावजूद उन्होंने साहस दिखाया। अपने परिवार से सलाह-मशवरा कर उन्होंने ठोस योजना बनाई और इसे अमल में लाया।

**पशु सखी की मदद से मुर्गी पालन की अनोखी व्यवस्था:** चांदनी दीदी ने पशु सखी की मदद से चूजों की देखभाल के लिए अनूठी व्यवस्था की। उन्होंने मिट्टी के एक कमरे को चूजों के लिए तैयार किया और रूम हीटर का उपयोग करके उचित तापमान बनाए रखा। दूसरे कमरे में बड़े मुर्गों और मुर्गियों के लिए स्थान निर्धारित किया। उनकी देखभाल में हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा गया। चूजों को समय पर भोजन, पानी और उचित देखभाल मिलती थी, जिससे उनकी वृद्धि सुचारू रूप से हुई।

**चांदनी ने प्राकृतिक खाद से बाड़ी का भी किया विकास:** मुर्गी पालन से उत्पन्न कचरे का उपयोग चांदनी दीदी ने अपने बाड़ी विकास के लिए किया। मुर्गियों के मल-मूत्र को उन्होंने खाद के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे उनके बाड़ी में उगाई जाने वाली सब्जियों की गुणवत्ता बढ़ी।

# रायपुर समेत 5 निगम में महिला होगी अगली मेयर

## 54 नगर-पालिका में 18 सीट महिला आरक्षित, मीनल बोलीं-शिद्दत से चाहो तो कायनात पूरा करती है

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगम में मेयर, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायत में अध्यक्ष के आरक्षण की प्रकिया पूरी हो गई। कुल 192 नगरीय निकाय के लिए आरक्षण किया गया है। इस बार 5 नगर निगमों में महिला मेयर चुनीं जाएंगी। रायपुर से सामान्य वर्ग की महिला मेयर चुनाव लड़ेगी। 54 नगर पालिका में 18 सीट महिला के लिए आरक्षित की गई है। इनमें 3 एसटी, 2 एससी, 4 ओबीसी और 9 सीट सामान्य वर्ग की महिला चुनाव लड़ेगी।

वहीं 124 नगर पंचायतों में आरक्षण किया गया है। इनमें 16 स्ट सीटें (अनुसूचित जाति) आरक्षित हैं। इनमें से 5 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। 20 सीटें एसटी (अनुसूचित जनजाति) के लिए हैं।



इनमें से 7 सीटों से महिला चुनाव लड़ेंगी। वहीं ओबीसी के लिए 26 सीटें आरक्षित हैं। इनमें से 9 सीटों को महिलाओं के लिए रिजर्व किया गया है। 62 सीट सामान्य के लिए रिजर्व रखा गया है। इनमें से 20 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

आरक्षण प्रकिया से खुश होकर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे पूरा करने में जुट जाती है। आरक्षण प्रक्रिया रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में लॉटरी से की गई।

# ठेकेदार सुरेश चंद्राकर ने की 2 करोड़ की टैक्स चोरी

## फर्म के रिकॉर्ड-चालान अधूरे मिले,लग्जरी लाइफ-स्टाइल,पत्नी संग रोमांटिक रील्स बनाता था पत्रकार हत्याकांड का मास्टरमाइंड

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार हत्याकांड के आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के ठिकानों पर छापेमारी की गई। जिसमें अब 2 करोड़ से अधिक के टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। 27 दिसंबर को राज्य वाणिज्यिक कर विभाग ने सड़क निर्माण फर्म मेसर्स सुरेश के घर और दफ्तर में जांच की थी।

दरअसल, सुरेश बीजापुर जैसे छोटे से जिले में बेहद लग्जरी लाइफ-स्टाइल जी रहा था। उसे महंगी गाड़ियों का शौक था, अपनी पत्नी के साथ रोमांटिक रील बनाना, रायपुर और राज्य के बाहर प्रीमियम रिसॉर्ट में रुकना, फ़िल्मी हस्तियों की तरह फोटो खिंचवाने का शौकीन था।



**कंपनी के रिकॉर्ड और चालान अधूरे पाए गए- ओपी चौधरी:** इस मामले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि, राज्य वाणिज्यिक कर विभाग की जांच में पाया गया है कि, वाहनों और कपड़ों जैसे वस्तुओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया गया, जो कि नियमों के खिलाफ है। इसकी कंपनी के रिकॉर्ड और चालान अधूरे पाए गए हैं। सीमेंट और सरिया के क्रय दिखाकर बड़ी राशि का इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया गया है। उस अनुपात में चीजें खरीदी ही नहीं गई। इन विसंगतियों को स्वीकार करते हुए 30 दिसंबर 2024 को 30 लाख रुपए के टैक्स भुगतान भी सुरेश की कंपनी ने किया है। सुरेश के फर्म के सभी लेन-देन की जांच जारी है।

**हेलीकॉप्टर वाली शादी और सेलिब्रिटी स्टाइल:** बीजापुर में कुछ साल पहले ही सुरेश ने अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर से बुलवाया था। हेलीकॉप्टर वाली यह बस्तर की पहली शादी रही। इसके बाद सोशल मीडिया पर पत्नी के साथ रोमांटिक अंदाज में वीडियो सुरेश अपलोड किया करता था।

सड़क पर भी पत्नी के साथ डांस करना शुरू कर देता था। फिल्मी सितारों या मॉडल्स की तरह पत्नी के साथ चलते फिरते वीडियो बनाकर बैकग्राउंड में रोमांटिक सॉन्ग लगाता था।

**क्या है पूरा मामला:** बता दें कि, सुरेश की फर्म मेसर्स सुरेश चंद्राकर बीजापुर में सड़क बना रही थी। 50 करोड़ की सड़क का बजट 100 करोड़ पहुंच गया। खबरें आईं कि काम हुए बिना ही ठेकेदार सुरेश को भुगतान कर दिया गया। इस वजह से पत्रकार मुकेश से सुरेश और इसके भाई रितेश का विवाद हुआ।

# संयुक्त टीम के द्वारा 10985.57 लीटर जब्त मदिरा का किया गया नष्ट



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेश के परिपालन में विगत दिवस गठित समिति के सदस्य, पत्रकार, वीडियोग्राफर समय 11:30 पूर्वान्ह छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा दर्ज प्रकरण में जब्त मदिरा के नष्टीकरण हेतु उपस्थित हुये। जब्त मदिरा नष्टीकरण हेतु ग्राम चैनपुर स्थित पुराना एसएलआरएम सेंटर का चयन किया गया। नष्टीकरण हेतु चयन भूमि ग्राम चैनपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 85/1 रकबा 35.582 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार पहाड़ मद की शासकीय भूमि है। समय 12:10 अपरान्ह नष्टीकरण की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। सर्वप्रथम संबंधित थाना के थाना प्रभारी से दर्ज प्रकरण तथा प्रकरण के अन्तर्गत जब्त मदिरा (देशी/विदेशी) की सूची प्राप्त कर प्रकरणवार जब्त मदिरा (देशी/विदेशी) की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् जब्त मदिरा (देशी/विदेशी) को जेसीबी में माध्यम से नष्ट किया गया। नष्टीकरण में थानावार केल्हारी से 5 प्रकरणों में 31 लीटर, झगराखांड़ से 28 प्रकरणों में 924.425 लीटर, कोटाडोल से 2 प्रकरणों में 13.86 लीटर, जनकपुर से 6 प्रकरणों में 97.84 लीटर, चिरमिरी से 36 प्रकरणों में 564.25 लीटर, खड़गवां से 59 प्रकरणों में 2828.82 लीटर, मनेंद्रगढ़ से 64 प्रकरणों में 3435.00 लीटर तथा पोंड़ी से 14 प्रकरणों में 3090.37 लीटर कुल 10985.57 लीटर मदिरा का नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की प्रक्रिया के पश्चात् अवशेष (कांच के टुकड़े) का एक गड्ढा खोदकर अधोमृदित कर निराकरण किया गया। नष्टीकरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गयी तथा थानावार पंचनामा तैयार किया गया।

# विश्वविख्यात पूरी जगन्नाथ मंदिर के अनुरूप ही दिखता है, यह मंदिर अपनी सुंदर वास्तुकला और अद्वितीय डिज़ाइन के लिए पहचाना जाता है

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के चिरमिरी विकासखंड में स्थित जगन्नाथ मंदिर एक अद्वितीय और आकर्षक स्थल है। यह मंदिर एक छोटे से पठार के ऊपर बनाया गया है और दिखने में विश्वविख्यात पूरी जगन्नाथ मंदिर के समान प्रतीत होता है। अपनी सुंदर वास्तुकला और अद्वितीय डिज़ाइन के कारण यह मंदिर दर्शकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर एक आसानी से पहुँच योग्य स्थान है।



मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है, जिसमें कई झरने, वन्यजीव अभ्यारण और मनोरंजन पार्क हैं। इस क्षेत्र का जगन्नाथ मंदिर अपनी अद्भुत आकृति और ऐतिहासिक महत्व के लिए पूरे राज्य में प्रसिद्ध है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1982 में महंत श्री गणपतपरिमाराय द्वारा शुरू किया गया था और 2006 में भगवान जगन्नाथ की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ इसका समर्पण हुआ।

यह मंदिर ओडिशा से आए उत्कल समाज के लोगों की भावना का प्रतीक है, जिन्होंने पूरी जगन्नाथ मंदिर के समान एक मंदिर बनाने का संकल्प लिया। जब बार-बार पूरी जाने में कठिनाई हुई, तब उन्होंने चिरमिरी में इस मंदिर का निर्माण कराया। यह मंदिर चिरमिरी ब्लॉक के पोंडी नामक ग्राम में स्थित है। पठारी क्षेत्र पर बने इस मंदिर तक पहुँचने के लिए 50 सीढ़ियों का चढ़ाव करना पड़ता है, जो इसे प्राकृतिक और शांत स्थल बनाता है।

मंदिर की बाहरी दीवारों पर देवी-देवताओं की सुंदर प्रतिमाएँ उकेरी गई हैं, जो इसकी धार्मिक और कलात्मक महत्ता को बढ़ाती हैं। मुख्य प्रवेश द्वार पर भैरव बाबा और महावीर हनुमान जी की मूर्तियाँ स्थापित हैं, जो इसे धार्मिक दृष्टि से और भी पवित्र बनाती हैं। प्रवेश द्वार पर गरुड़ की मूर्ति स्थापित है, जो भगवान विष्णु के वाहन का प्रतीक है। गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की अद्भुत प्रतिमाएँ स्थापित हैं।

मंदिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि, रथयात्रा (गुण्डिचा यात्रा) और दोनों नवरात्रों में भव्य आयोजनों का आयोजन होता है। इन अवसरों पर विशेष पूजा-अर्चना, भंडारा और जसगीत का आयोजन किया जाता है। त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या यहाँ इकट्ठा होती है, जिससे मंदिर एक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरता है।

यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। इसकी सुंदरता और अद्वितीयता छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को दर्शाती है। चिरमिरी का जगन्नाथ मंदिर राज्य की समृद्धि, विविधता और धार्मिक आस्था का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# टेस्ट क्रिकेट के नियमों में होगा बदलाव?

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद वैश्विक क्रिकेट में बहुत बड़े बदलाव होने की अटकलें हैं। नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेस्ट क्रिकेट को 2 लेवल में बांटा जा सकता है। जय शाह ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड के साथ मीटिंग की, जिसमें संभवत: साल भर के अंदर ज्यादा टेस्ट सीरीज करवाने पर चर्चा की गई।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को देखने आए रिकॉर्ड दर्शकों को देखते हुए इस नए आइडिया पर विचार किया जा सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों के दौरान कुल 8,37,879 लोग मैचों को लाइव देखने आए थे।

2 लेवल के फॉर्मेट में मौजूदा समय की टॉप टीमों को पहली लिस्ट में रखा जा सकता है। पहली लिस्ट में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका हो सकते हैं। वहीं जिन टीमों को अपने टेस्ट रिकॉर्ड के लिए नहीं जाना जाता, उन्हें दूसरे लेवल यानी दूसरी लिस्ट में रखा जा सकता है। इनमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज भी शामिल हो सकते हैं।

इस फॉर्मेट के तहत लेवल-1 वाली टीमें एक-दूसरे से भिड़ सकती हैं, वहीं लेवल-2 की टीमों एक-दूसरे का सामना करेंगी। ये अभी स्पष्ट नहीं है कि इस नए नियम में पदोन्नति और पदावनति जैसा कोई नियम शामिल किया जाएगा।

# इस टी20 लीग के मालिक बने अभिषेक बच्चन, विश्व के टॉप खिलाड़ी खेलते हुए आएंगे नजर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में पैसा निवेश किया है। वो इस लीग के सह मालिक बनने जा रहे हैं जिसकी आगाज इसी साल होगा। ईटीपीएल ऐसा टूर्नामेंट है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अप्रूव किया है इसमें आयरलैंड, स्कॉटलैंड, नीदरलैंड्स समेत दुनिया भर के टॉप प्लेयर्स खेलते हुए नजर आएंगे। बता दें कि, ये लीग 15 जुलाई से शुरू होकर 3 अगस्त तक चलेगी। इकॉनमिक टाइम्स के अनुसार, 15 जुलाई-3 अगस्त तक चलने वाली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें डबलिन, बेलफास्ट, एम्स्टरडैम, रोटरडैम, ग्लासगो और एडिनबर्ग शहरों का प्रतिनिधित्व कर रही होंगी। अभिषेक बच्चन जैसी नामी हस्ती के जुड़ने से इस लीग को दुनियाभर में एक अलग पहचान मिलेगी। बच्चन के आने से संभावनाएं हैं कि ईटीपीएल ज्यादा निवेशकों और साथ ही भारतीय क्रिकेट फैंस को भी रिझा पाएगा।

इस नई पहल को लेकर अभिषेक बच्चन ने खुशी जताते हुए कहा कि, क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है, ये एक ताकत है जो देशों को साथ लाती है। ईटीपीएल ऐसा बढ़िया प्लेटफॉर्म है, जो क्रिकेट की बढ़ती मांग को बढ़िया तरीके से प्रदर्शित करेगा। क्रिकेट के 2028 ओलंपिक्स में शामिल होने से य लीग इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में और अधिक योगदान देगी।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने सैम कोंस्टास को कहा स्लॉगिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खत्म हो चुकी है, जिसे मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया ने भारत से 3-1 से जीत ली है। इस टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एक युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास काफी चर्चा में रहे। दरअसल, सैम ने बीजीटी के चौथे टेस्ट मैच में डेब्यू करते हुए बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। इससे भी ज्यादा चर्चा उनके शॉट्स की हुई। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर तेजी से रन बनाना और तेजी से आगे बढ़ना हर किसी के बस की बात नहीं। हालांकि, ज्यादातर शॉट्स इनमें टी20 क्रिकेट वाले थे। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज रॉडनी हॉग का कहना है कि अगर ये युवा खिलाड़ी लगातार ऐसे स्लॉगिंग शॉट खेलेगा तो ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगा। उन्होंने सैम कोंस्टास को सीधे शब्दों में स्लॉगर कहा है। रॉडनी हॉग ने ऑस्ट्रेलिया के न्यूज चैनल 10 न्यूजल फर्स्ट पर बात करते हुए कहा कि, आप श्रीलंका में टेस्ट मैचों में राउंड शॉट नहीं खेल सकते। इसलिए, इस समय ये 2 टेस्ट मैच फेमस हैं, लेकिन वह एक स्लोगर हैं। उन्हें बदलना होगा। अगर उन्हें टेस्ट क्रिकेट में बने रहना है तो आप टेस्ट क्रिकेट में अपने स्ट्राइक रेट के बारे में चिंता नहीं कर सकते।

# युवराज सिंह उतरे रोहित और विराट कोहली के सपोर्ट में




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के वर्ल्ड कप विजेता पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को अपना समर्थन दिया है। साथ ही उनका मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार से भी बड़ी निराशा न्यूजीलैंड के हाथों घर पर मिली हार थी। भले ही टीम इंडिया 3-1 से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज हारी है, लेकिन युवराज सिंह उनमें शामिल नहीं, जो कप्तान रोहित शर्मा और अनुभव विराट कोहली के फेल होने पर उनकी आलोचना कर रहे हैं। पिछले 8 टेस्ट मैचों में भारत 6 मुकाबले हारा है, जबकि एक ही मैच टीम इंडिया जीत पाई है। इस वजह से टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाए। पिछली दोनों सीरीजों में विराट कोहली और रोहित शर्मा का बल्ला खामोश रहा। इसको लेकर युवराज सिंह ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि, मेरे हिसाब से न्यूजीलैंड से घर पर हारना ज्यादा दुखदायी है। क्योंकि वे अपने घर में 3-0 से हारे हैं। आप जानते हैं कि ये स्वीकार्य नहीं है। ये अभी भी स्वीकार्य है, क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत चुके हैं। इस बार आप हार गए। मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई सालों से प्रभावशाली टीम रही है। ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल और वर्ल्ड कप फाइनल 2023 मेंजीता था।

हालांकि, युवराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की पिछली उपलब्धियों को देखते हुए उनकी आलोचना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपने महान खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित के बारे में बात कर रहे हैं, हम उनके बारे में बहुत बातें कह रहे हैं, लेकिन लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वे इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है वे हार गए, उन्होंने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। वे हमसे ज्यादा हर्ट हो रहे हैं।

साथ ही टीम इंडिया के हेड कोच और अपने साथी क्रिकेटर गौतम गंभीर को लेकर युवी ने कहा कि, मुझे लगता है कि कोच के तौर पर गंभीर, चयनकर्ता के तौर पर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, ये सभी इस समय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन समझ रखते हैं और उन्हें ये तय करना है कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट का क्या रास्ता होगा।

पूर्व ऑलराउंडर ने सिडनी टेस्ट से खुद को बाहर रखने वाले रोहित की तारीफ की और कहा कि, मुझे लगता है कि ये बहुत बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कप्तान का फॉर्म ठीक नहीं चल रहा हो और वह खुद बाहर चला गया हो। ये रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। मुझे लगताहै कि वह एक महान कप्तान हैं, चाहे जीत हो या हार, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे और उनकी कप्तानी में, हमने वर्ल्ड कप फाइनल खेला है।

# इंग्लैंड से अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच का बहिष्कार करने का आग्रह




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ब्रिटेन के 160 से अधिक राजनेताओं ने इंग्लैंड एवं वेल्सक्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने का अनुरोध किया है। राजनेता चाहते हैं कि ईसीबी तालिबान शासन के महिलाओं के अधिकारों के दमन के खिलाफ आवाज उठाए और 26 फरवरी को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले पुरुषों के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच का बहिष्कार करे।

तालिबान की 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से खेल में महिलाओं की भागीदारी को प्रभावी रूप से गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का उल्लंघन भी है लेकिन अफगानिस्तान को आईसीसी की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है। ऐसे में ब्रिटेन के सांसदों ने एक पत्र लिखकर ईसीबी से अपनी नैतिक आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। यह पत्र लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी में लिखा है तथा इसमें निगेल फराज और जेरेमी कॉर्बिन सहित हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को संबोधित पत्र में कहा गया है, ''हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले बुरे व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हैं।'' इसमें कहा गया है, ''हम ईसीबी से अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी मैच के बहिष्कार पर विचार करने का भी आग्रह करते हैं ताकि यह स्पष्ट संकेत दिया जा सके कि इस तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।''

पत्र के अनुसार, ''हमें लैंगिक भेदभाव के खिलाफ खड़ा होना चाहिए तथा हम ईसीबी से अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों को एकजुटता और आशा का एक दृढ़ संदेश देने का आग्रह करते हैं कि उनकी पीड़ा को नजरअंदाज नहीं किया गया है।'' गोल्ड ने त्वरित प्रतिक्रिया जारी करते हुए ईसीबी के सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए सुझाव दिया कि वह अकेले कोई फैसला करने के बजाय सभी सदस्य देशों से एक समान दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ''ईसीबी तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ के जा रहे बुरे व्यवहार की कड़ी निंदा करता है।''

गोल्ड ने कहा, ''आईसीसी के संविधान के अनुसार सभी सदस्य देश महिला क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, ईसीबी ने अफगानिस्तान के खिलाफ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं करने की अपनी स्थिति बरकरार रखी है। उन्होंने कहा, ''किसी एक सदस्य के बजाय आईसीसी के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ उठाया गया कदम अधिक प्रभावी होगा।'' इंग्लैंड ने 2003 में एकदिवसीय विश्व कप में रॉबर्ट मुगाबे के शासन के विरोध में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच नहीं खेला था।

# भारतीय ऑलराउंडर ऋषि धवन ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और हिमाचल प्रदेश के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर ऋषि धवन ने भारतीय सीमित ओवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऋषि ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप चरण के समापन के बाद इस रिटायरमेंट का ऐलान किया। 34 वर्षीय धवन को भारत के लिए सिर्फ 4 मैच में ही खेलने का मौका मिला। उन्होंने 2016 में भारत के लिए डेब्यू किया था और अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 18 जून 2016 को खेला था। वो उनका एकमात्र टी20 इंटरनेशनल मैच था। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनके नाम कई बेहतरीन रिकॉर्ड हैं। ऋषि धवन अब तक कुल 9470 रन और 657 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने अब तक 98 फर्स्ट क्ला, 134 लिस्ट ए और 135 टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 42.31 के औसत से 4824 फर्स्ट क्लास रन बनाए हैं। इसमें उनके 6 शतक भी शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 195 रन है। इसके साथ ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 353 विकेट भी लिए हैं। वहीं लिस्ट ए में 2906 रन बनाए हैं। इसमें उनका एक शतक भी है। उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में 186 विकेट भी लिए हैं। टी20 क्रिकेट में उन्होंने 30.00 के औशत और 121.33 के स्ट्राइक रेट से 1740 रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 में 7.60 की इकॉनमी से 118 विकेट भी अपने नाम किए हैं। वहीं ऋषि आईपीएल 2022 के दौरान फेस गार्ड लगाकार मैदान पर उतरे थे। फेस गार्ड के चलते धवन का नाक और ऊपरी हिस्सा ढका हुआ था। ऐसा उन्होंने अतिरिक्त सुरक्षा के लिए किया था। वह रणजी ट्रॉफी के दौरान सिर में चोट लगने के बाद मैदान पर लोटे थे। उन्हें घरेलू टूर्नामेंट के दौरान फॉलो थ्रू पर गेंद फील्ड करते हुए चेहरे पर चोट लग गई थी। धवन तब कुछ दिन पहले ही नाक की इंजरी से उबरे थे।

# जसप्रीत बुमराह को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में अगले महीने से शुरू हो रही है। हालांकि, टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। वहीं इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी। हाल ही में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलती हुई नजर आई थी। जिसमें जसप्रीत बुमराह को उपकप्तान बनाया गया था। बुमराह ने सीरीज के 5 मैचों में से 2 की कप्तानी निभाई थी। वहीं अब एक रिपोर्ट में बताया जा रहा था कि, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी बुमराह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी एक रिपोर्ट में बताया गया कि चैंपियंस ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह को टीम इंडिया का उपकप्तान बनाया जा सकता है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया कि रोहित शर्मा का कप्तान बनना तय है। अगर बुमराह पूरी तरह फिट रहते हैं, तो उन्हें रोहित का डिप्टी बनाया जाएगा।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट सिडनी में खेला गया था। इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने की खबर सामने आई थी। दरअसल, मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान बुमराह को असहजता महसूस हुई थी, जिसके बाद वह स्कैन के लिए गए थे।

स्कैन के बाद बुमराह सिर्फ बल्लेबाज के लिए मैदान पर आए थे। वहीं दूसरी पारी में बुमराह ने बॉलिंग नहीं की थी। भारतीय गेंदबाज को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मोहम्मद शमी को नहीं मिलेगा मौका




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद से एक भी इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है। फैंस उनके कमबैक का इतंजार कर रहे हैं लेकिन शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। यही कारण है कि शमी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं कर पा रहे।

इसी बीच फैंस के लिए एक और बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भी स्क्वॉड में शामिल नहीं किए जाएंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बात अब टीम इंडिया अपनी घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 और 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। टी20 सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से होगी, जबकि इसका समापन 2 फरवरी को मुंबई में खेले जाने वाले मैच से होगा।

इसके बाद दोनों टीमें 3 मुकाबलों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। इस सीरीज का पहला मैच 6 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी के लिए टीम इंडिया के पास ये आखिरी मौका होगा। फैंस को उम्मीद थी कि शमी इस वनडे सीरीज के जरिए इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो पाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शमी अभी तक पूरी तरह से फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। इसी कारण से उन्हें स्क्वॉड में नहीं चुना जाएगा। शमी की गैरमौजूदगी में अर्शदीप सिंह को वनडे टीम में शामिल किया जा सकता है।

# सतना में निकली यातायात जागरूकता बाइक रैली

## हेलमेट की अनिवार्यता का दिया संदेश, युवा भी हुए शामिल

**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सतना में यातायात पुलिस और बाइकर्स ने मंगलवार को शहर में यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली का उद्देश्य आम लोगो को हेलमेट की अनिवार्यता का संदेश देना था। कलेक्टर अनुराग वर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखा रवाना किया।





**शहर के कई रास्तों से गुजरी:** इक रैली यातायात थाना से शुरू हो कर, सिविल लाइन, सर्किट हाउस, रीवा रोड, स्टेशन रोड, धवारी चौराहा, राजेन्द्र नगर होते हुए वापस यातायात थाने में समाप्त हुई। रैली में शहर के युवा बाइकर्स की भी सहभागिता रही।

रैली के माध्यम से यातायात संबंधित नियमों की जानकारी शहर के चौराहों में डीएसपी संजय खरे ने दी।

रैली में सबसे अधिक फोकस टू व्हीलर चलते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर दिया गया।

# वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## मंदिर दर्शन करने जा रहे थे वृद्ध, चालक मौके से फरार



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट भौंरी गांव स्थित झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने 75 वर्षीय श्यामलाल पाल को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

**हनुमान मंदिर दर्शन करने जा रहे थे वृद्ध:** भौंरी गांव निवासी रामदयाल ने बताया कि उनके चाचा श्यामलाल पाल तड़के करीब चार बजे हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह राजमार्ग पार करने लगे, तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

श्यामलाल अपने परिवार के बड़े सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी सियादुलारी और तीन बेटे हैं। उनकी मौत से पूरे परिवार में शोक है।

थानाध्यक्ष श्याम पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। मामले की जांच की जा रही है।

**स्थानीय लोगों ने उठाई मांग:** इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा के इंतजामों की मांग की है।

# मध्यप्रदेश में परिवहन विभाग के 31 वर्षों से जारी भ्रष्टाचार की त्रिस्तरीय जांच की मांग

**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** आम आदमी पार्टी मैहर ने मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग में 31 वर्षों से जारी भ्रष्टाचार की ईडी, सीबीआई और एसआईटी से निष्पक्ष त्रिस्तरीय जांच कराने की मांग की है। पार्टी के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के 46 परिवहन चेकपोस्टों पर खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी लंबे समय से लड़ाई लड़ रही है।



**महत्वपूर्ण मांगें और प्रमाण:** पार्टी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को 2013 से भ्रष्टाचार के वीडियो और साक्ष्य सौंपे हैं, जिसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार को चेकपोस्ट बंद करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के चलते यह अवैध कारोबार जारी रहा। हाल ही में भोपाल के चर्चित जब्ती कांड में परिवहन विभाग के एक हवलदार के घर से 54 किलो सोना, ढाई क्विंटल चांदी, करोड़ों की संपत्ति और नकद राशि जब्त की गई।

**मुख्य मांगे:** 1. दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान, कमलनाथ और वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सरकार के कार्यकाल में कार्यरत परिवहन मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों की 31 वर्षों की संपत्ति की ईडी, सीबीआई और एसआईटी से जांच हो।

2. नयागांव चेकपोस्ट पर 2015 में हुई कार्रवाई में दर्ज पुलिस रिपोर्ट पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

3. भोपाल जब्ती कांड में जब्त लाल डायरी के सफेदपोश नाम सार्वजनिक कर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि अगर निष्पक्ष जांच हुई तो प्रदेश के कई बड़े नेताओं और अधिकारियों की अवैध संपत्ति का खुलासा होगा और जब्त संपत्तियों से प्रदेश का सारा कर्ज शून्य किया जा सकेगा।

**अन्य स्थानीय मांगें जिला कलेक्टर के समाने ज्ञापन के माध्यम से रखी:** आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन से कई स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग भी की, जिनमें शामिल हैं

1. अमरपाटन और मैहर के बीच जिला कलेक्टर भवन का निर्माण।

2. बरगी नहर परियोजना में किसानों को संयुक्त खाते के माध्यम से उचित मुआवजा।

3. बेरमा ब्लॉक में गौशाला और मंडी का निर्माण।

4. श्रम विभाग के आदेशानुसार आउटसोर्स कर्मियों, पंचायत चौकीदारों, भृत्यों, रसोइयों, ठेका श्रमिकों और अस्थायी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, पक्का नियमितीकरण और 5 लाख रुपये का बीमा लाभ।

आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन तेज करेगी।

# कॉलेजों में होगी निबंध प्रतियोगिता

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में महाविद्यालयीन स्तर के विद्यार्थियों की एक निबंध प्रतियोगिता भी होगी। प्रतियोगिता का विषय ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' रहेगा, जिसकी शब्द सीमा एक हजार शब्द रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के लिए डॉ. एससी राय प्राचार्य शासकीय स्वशासी महाविद्यालय सतना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी चयन समिति का गठन कर सतना और मैहर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता 15 जनवरी तक कराकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों की उत्तर पुस्तिका बंद लिफाफें में 19 जनवरी तक उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को उपलब्ध करायेंगे। चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में पुरूस्कृत किया जायेगा।

# भारतीय मजदूर संघ की बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक सोमवार को रामबन के सभागार में नए वर्ष के अवसर पर आयोजित की गई। बैठक में भारतीय सीमेंट एवं माइंस मजदूर यूनियन के 130 श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2005 से लगातार श्रमिकों ने यूनियन की एकता का परिचय दिया और समय-समय पर यूनियन को सहयोग प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, भारतीय मजदूर संघ सतना एवं मैहर के विभाग प्रमुख मगनलाल वाल्मीकि, योगेंद्र प्रताप सिंह, यूनियन के महामंत्री राजेश मिश्रा, अध्यक्ष मिथिलेश सिंह उर्फअशोक सिंह पटेल, संयुक्त महामंत्री बाल्मिक पाल, कोषाध्यक्ष मिथिलेश सिंह एवं अनिल द्विवेदी, दुर्गा पाण्डेय, हेमंत तिवारी, नागेश नामदेव, महावीर रघुवंशी, संजय रघुवंशी, सुजीत तिवारी, नंदेसर पटेल, भूपेंद्र सिंह, केदार गुप्ता, संजय पाल, सुनील केवट सहित बडी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं श्रमिक गण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सोलो साइकलिस्ट को किया सम्मानित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सोलो साइकलिस्ट एवं एथलीट आशा मालवीय को आज सतना आगमन पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की निवासी आशा मालवीय साईकिल से देश भ्रमण पर निकली हैं। मंगलवार को सतना पहुंचने पर सोलो साइकलिस्ट ने जिला कलेक्टर से भेंट की। इस दौरान कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कलेक्टर कक्ष में आशा का सम्मान करते हुए दृढ़ इच्छा शक्ति की सराहना की और इस अभिनव प्रयास को देश के युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

आशा मालवीय ने बताया कि गत 24 जून को वे तमिलनाडु के कन्याकुमारी से करगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर भारतीय सेना के सैनिकों की वीरता, शौर्य और अदम्य साहस का जश्न मनाने के लिए अकेले साईकिल से यात्रा पर रवाना हुई हैं। महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता का प्रयास भी साईकिल यात्रा का उद्देश्य है। मेरे द्वारा अब तक 16 हजार 380 किलोमीटर की यात्रा की जा चुकी है। कन्याकुमारी से करगिल और सियाचीन की यात्रा भी इस दौरान मैंने सफलतापूर्वक पूर्ण की।

# सरिया से भरा ट्रैक्टर-ट्राली पलटा, नीचे दबने से चालक की मौत, मालिक गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में खोह गांव के पास नो एंट्री पॉइंट पर सरिया से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया।



मंगलवार को जब ब्यूर गांव निवासी कृष्ण पाल अपने घर के निर्माण कार्य के लिए ट्रैक्टर से सरिया लेने शहर गया था। सरिया लेकर वापस लौटते समय ट्रैक्टर को खुद कृष्ण पाल चला रहा था। उसके साथ ट्रैक्टर मालिक आनंद मिश्रा मौजूद थे। खोह गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से ड्राइवर कृष्ण पाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आनंद मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल आनंद मिश्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# युवक ने स्कूल से जा रही छात्रा से की छेड़खानी

## विरोध करने पर छात्रा को पीटा, रास्ते में रोककर करता था परेशान

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के कर्वी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्कूल से लौट रही 12वीं की छात्रा से शोहदे ने छेड़खानी की। छेड़खानी का विरोध करने पर छात्रा से मारपीट हो गई। मारपीट के सदमे में छात्रा की हालत बिगड़ गई।



परिजनों को सूचना मिली तो तुरंत परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने अपने परिजनों से रोते हुए बताया कि 10 दिनों से यह युवक मुझे परेशान कर रहा था। आज मारपीट भी करने लगा। छात्र ने बताया कि वह गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। छेड़खानी के बाद उसने कहा कि अगर यह बात अपने घर में बताए, तो पूरे परिवार सहित मार दूंगा।

**रास्ते में रोककर करता था छेड़खानी:** पहले वह लड़का इस स्कूल में पढ़ता था। जहां छात्रा पढ़ रही है। लेकिन 12 फेल होने के बाद वह पढ़ाई बंद कर दिया। छात्रा ने कहा कि वह आए दिन मुझे रास्ते में रोककर छेड़खानी का प्रयास करता था। आज उसने जब छेड़खानी करना शुरू किया, तो मेरे विरोध करने पर वह मुझको मरने लगा। बेरहमी से मेरी पिटाई कर दी।

पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत का है। पुलिस सूचना मिलने पर एक्शन में आकर आरोपी की तलाश जारी कर दी।

कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। छात्रा की हालत ठीक है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगातार कर रही है।

# आईएफएमआईएस में कर्मचारियों का प्रोफाइल समग्र आईडी से सत्यापित एवं आधार से होगा लिंक

## अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा होंगे ऑनलाइन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित किया जायेगा। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से होगा। इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन व अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाये। आयुक्त द्वारा 3 जनवरी 2025 की स्थिति में प्रदत्त रिपोर्ट अनुसार 16 हजार 712 शासकीय सेवकों में से मात्र 616 शासकीय सेवकों के समग्र आईएफएमआईएस/ईएसएस प्रोफाइल से लिंक कराये जा चुके हैं।

# विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: उप मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संकल्पित है। परीक्षाओं का आयोजन सुनियोजित और निष्पक्ष प्रक्रिया के अंतर्गत किया जा रहा है ताकि छात्रों को उनकी मेहनत का सही परिणाम मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विधिवत परीक्षाओं का आयोजन और समय से परिणाम जारी किये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि मई-2024 से सितंबर-2024 के बीच आयोजित परीक्षाओं में बैच 2019-20, 20-21 और 21-22 के कुल 47,945 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इनमें बीएससी नर्सिंग थर्ड ईयर परीक्षा (मई-2024) में 8,293 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 86.2 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। इसी तरह बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 15,787 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 74.7 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। पीबीबीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 4,601 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जिनमें 65.3 प्रतिशत सफलता दर रही। इसके अलावा, एमएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर परीक्षा (मई-2024) में 1,612 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 80.4 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए।

बिजिनेस नयूज

# आईसीआईसीआई बैंक ने सतना शहर में एक और शाखा का किया उद्घाटन




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आईसीआईसीआई बैंक ने सतना शहर के राजेंद्र नगर में एक नई शाखा स्थापित की है। यह शाखा, शहर में बैंक की तीसरी और जिले में छठी शाखा है, जो एटीएम से सुसज्जित है। शाखा का उद्घाटन सतना के कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा और सतना के महापौर योगेश ताम्रकर ने किया।

बैंक की इस शाखा में ग्राहकों को बचत और चालू खातों, सावधि और आवर्ती जमा और व्यवसाय ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और शिक्षा ऋण जैसे ऋणों के साथ-साथ रेमिटेन्स और कार्ड सेवाओं सहित खातों और जमाओं की समस्त सुविधाएं मिलती हैं। बैंक की इस शाखा के परिसर में लॉकर की सुविधा भी उपलब्ध है। यह सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित होती है। आईसीआईसीआई बैंक की इस शाखा में टैब बैंकिंग सुविधा भी मिलती है, जिसके तहत कर्मचारी द्वारा टैबलेट डिवाइस के माध्यम से ग्राहक के घर पर लगभग 100 सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

इन सेवाओं में खाते खोलना और सावधि जमा (एफडी), चेक बुक अनुरोध, ई-स्टेटमेंट तैयार करना और पता बदलना आदि शामिल हैं। बतादें कि मध्य प्रदेश में आईसीआईसीआई बैंक की 290 से अधिक शाखाएँ और 490 से अधिक एटीएम और कैश रिसाइकिलिंग मशीन (सीआरएम) हैं। आईसीआईसीआई बैंक शाखाओं, एटीएम, कॉल सेंटर, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के मल्टी-चैनल डिलीवरी नेटवर्क के माध्यम से अपने बड़े ग्राहक आधार को सेवाएँ प्रदान करता है।

# जनसुनवाई में 53 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 53 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में रामपुर बघेलान से आये नगर पंचायत के तीन सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने बताया कि सीएमओ नगर पंचायत द्वारा सेवा निवृत्त किसी भी कर्मचारी के स्वयत्वों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।



अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने शहरी विकास अभिकरण के अधिकारी के सीएमओ के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमओ को सेवा निवृत्त कर्मचारियों के स्वयत्वों का भुगतान तत्काल कराने के निर्देश भी दिये।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# 80 प्लस आयु वर्ग के सबसे अधिक मतदाता रामपुर बघेलान में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची के अनुसार सतना और मैहर जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 25 हजार 642 मतदाता है। जिनमें सर्वाधिक 4639 मतदाता रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम 2889 मतदाता सतना विधानसभा क्षेत्र में शामिल है। इसी प्रकार अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र में 4110, चित्रकूट में 3840, रैगांव में 3761, नागौद में 3214, मैहर में 3189 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।